उज्जैन
मंगलवार
17
फरवरी, 2026
मूल्य- 2 रु.
वर्ष-12
अंक-106
मालवा डिवीजन 402/2024-2026
आर एन आई क्रमांक 2013/57651

दैनिक ब्रह्मास्त्र




पंजाबी मॉडल हिमांशी खुराना को लॉरेंस गैंग की धमकी 10 करोड़ नहीं दिए तो मार दंगे बिग बॉस-13 में नजर आ चुकीं



## ईरान के साथ बातचीत में इनडायरेक्टली शामिल रहूंगा : ट्रम्प




**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा कि वह अमेरिका और ईरान के बीच होने वाली परमाणु कार्यक्रम पर बातचीत में इनडायरेक्ट रूप से शामिल रहेंगे। उन्होंने एयर फोर्स वन में पत्रकारों से बातचीत के दौरान यह बात कही। यह बयान ईरान के साथ परमाणु कार्यक्रम को लेकर दूसरे दौर की बातचीत से पहले आया है। अमेरिका और ईरान के बीच दूसरे दौर की बातचीत आज जिनेवा (स्विट्जरलैंड) में हो रही है। इससे पहले ओमान में पहली बैठक हुई थी। ट्रम्प ने कहा, मैं उन बातचीत पर नजर रहूंगा। उन्होंने संकेत दिया कि ईरान इस बार समझौते को लेकर गंभीर है। डील की संभावना पर ट्रम्प ने कहा कि ईरान इसे लेकर सख्त रुख अपनाता रहा है, लेकिन पिछले साल अमेरिका की ईरान के परमाणु ठिकानों पर बमबारी से उसे अक्ल आई।

## अमेरिका में हाई स्कूल हॉकी मैच के दौरान गोलीबारी, 2 की मौत

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के रोड आइलैंड में सोमवार दोपहर हाई स्कूल हॉकी मैच के दौरान गोलीबारी हो गई। पुलिस के मुताबिक इस हमले में तीन लोगों की मौत हो गई, जिनमें हमलावर भी शामिल है। तीन अन्य लोग गंभीर हालत में हैं। घटना दोपहर करीब 2:30 बजे हुई। पुलिस प्रमुख टीना गोंकाल्वेस ने इसे टारगेटेड इवेंट बताया है। शुरूआती जानकारी के मुताबिक मामला पारिवारिक विवाद से जुड़ा हो सकता है, हालांकि मकसद अब तक साफ नहीं है। पुलिस प्रमुख टीना गोंकाल्वेस ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि दोनों टीमें सीनियर नाइट मना रही थीं, तभी गोलीबारी शुरू हुई। मैदान में दो टीमें आमने-सामने थीं। इन टीमों में आसपास के कई स्कूलों के खिलाड़ी शामिल थे।

## भारतीय लड़की भी यौन अपराधी एपस्टीन का शिकार हुई



**वॉशिंगटन।** यौन अपराधी जेफ्री एपस्टीन से जुड़ी नई फाइलों में खुलासा हुआ है कि एक भारतीय लड़की भी उसका शिकार हुई थी। दस्तावेजों के मुताबिक अमेरिकी अधिकारियों ने उसे पीड़ित मुआवजा फंड से भुगतान दिलाने के लिए भारत में तलाश शुरू की थी। 13 जनवरी 2020 की एक ईमेल में अमेरिकी अधिकारियों के बीच हुई बातचीत सामने आई है। इसमें भारत में मौजूद पीड़िता का पता और जानकारी जुटाने को कहा गया है, ताकी भारत स्थित अमेरिकी दूतावास के जरिए उससे संपर्क किया जा सके। यह ईमेल एपस्टीन की अगस्त 2019 में जेल में हुई मौत के बाद की है।

## सेंसेक्स में 200 अंक से ज्यादा की गिरावट, 83,000 पर कारोबार कर रहा

**मुंबई।** शेयर बाजार में आज यानी 17 फरवरी को गिरावट है। सेंसेक्स 200 अंक से ज्यादा की गिरावट के साथ 83,000 के स्तर पर कारोबार कर रहा है। वहीं निफ्टी में करीब 100 अंक की गिरावट है, ये 25,600 पर कारोबार कर रहा है। आज बैंकिंग, एफएमसीजी और ऑटो शेयर्स में बिकवाली है। कोचीन शिपयार्ड के शेयर में 7% की तेजी शुरूआती कारोबार के दौरान कोचीन शिपयार्ड के शेयर में 7% से ज्यादा की तेजी है। कोचीन शिपयार्ड को रक्षा मंत्रालय ने की ओर से 5,000 करोड़ रुपए का ऑर्डर मिला है। इसके बाद इस डिफेंस पीएसयू स्टॉक ने इरए पर 7.27% की तेजी पकड़ी और 1,575 रुपए के भाव पर पहुंच गया। जापान का निक्केई इंडेक्स 0.80% गिरकर 56,354 पर कारोबार कर रहा।

### भारत में राज्यों की निरंतर रूप से कर्ज लेने की प्रवृत्ति बढ़ती जा रही

# कर्जदारों की सूची में मप्र भी आगे बढ़ रहा

### बढ़ता कर्ज, नंबर वन होने को राज्य बेकरार, तमिलनाडु प्रथम 10 की सूची में पहले नंबर पर, बड़े कर्जदारों की सूची में दूसरे नंबर पर यूपी

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ भोपाल**

भारत में राज्यों की निरंतर रूप से कर्ज लेने की प्रवृत्ति बढ़ती जा रही है। वर्तमान में तमिलनाडु प्रथम 10 की सूची में पहले नंबर पर हैं। बड़े कर्जदारों की सूची में दूसरे नंबर पर उत्तरप्रदेश चल रहा है और तीसरे नंबर पर महाराष्ट्र चल रहा है। कर्जदारों की इस सूची में मध्यप्रदेश भी तेजी से आगे बढ़ रहा है। मध्यप्रदेश का कुल कर्ज 4.18 लाख करोड़ के पार पहुंच चुका है जो कि राज्य के बजट से अधिक हो गया है।

भारतीय रिजर्व बैंक और राज्य बजट के दस्तावेजों के मुताबिक कई बड़े और छोटे राज्यों पर काफी ज्यादा कर्ज है। 2025-26 के लेटेस्ट डेटा से ऐसा पता चलता है कि यह स्थिति काफी ज्यादा गंभीर है। यह अब डेवलपमेंट खर्च, वित्तीय स्थिरता, और लंबे समय की आर्थिक ग्रोथ पर असर डाल रहा है।

- **टाप टेन में तमिलनाडु सबसे ऊपर** - कुल बकाया कर्ज के मामले में तमिलनाडु फिलहाल सबसे ज्यादा कर्ज वाला भारतीय राज्य है। 2024 में राज्य का कर्ज रूपए 8.34 लाख करोड़ से ज्यादा का हो गया है और 31 मार्च 2026 तक इसके 9 लाख करोड़ से ज्यादा होने का अनुमान है।
- **उत्तर प्रदेश दूसरे, महाराष्ट्र तीसरे नंबर पर**- उत्तर प्रदेश दूसरे स्थान पर है जिसका बकाया कर्ज 2025-26 के अनुमानों के मुताबिक लगभग 8.2 लाख करोड़ से 8.5 लाख करोड़ पहुंच सकता है। महाराष्ट्र की बात करें तो 2024-25 में इसका कर्ज लगभग 7.22 लाख करोड़ था।
- **टाप 5 में बंगाल, कर्नाटक** - पश्चिम बंगाल लगभग रूपए 6.58 लाख करोड़ के कर्ज के साथ चौथे स्थान पर है। इतना ही नहीं बल्कि राज्य का कर्ज से जीएसडीपी अनुपात भी ज्यादा रहा है। वहीं कर्नाटक की बात करें तो वह 5.97 लाख करोड़ कर्ज के साथ 5वें स्थान पर है।
- **टॉप 10 में मध्यप्रदेश शामिल**- राजस्थान पर 5.62 लाख करोड़ का कर्ज है। आंध्र प्रदेश का





कुल कर्ज भार 4.90 लाख करोड़ है। गुजरात राज्य पर कुल कर्ज 4.67 लाख करोड़ रुपए का है। केरल का कुल कर्ज 4.29 लाख करोड़ रुपए हो गया है। वहीं मध्य प्रदेश का कुल कर्ज 4.18 लाख करोड़ के पार पहुंच चुका है।

- **कर्ज से जीएसडीपी अनुपात**- हालांकि कुल कर्ज के आंकड़े ध्यान खींचते हैं लेकिन कर्ज से जीएसडीपी अनुपात को वित्तीय सेहत का ज्यादा सटीक संकेतक माना जाता है। पंजाब सबसे खराब स्थिति में है जहां कर्ज उसके जीएसडीपी का लगभग 44.5% हो गया है। जम्मू कश्मीर और अरुणाचल प्रदेश ने खतरनाक 50% का आंकड़ा पार कर लिया है। इसी के साथ पश्चिम बंगाल और केरल 35 से 38% की रेंज में हैं।

### इन राज्यों ने बेहतर मैनेज किया

कुल मिलाकर तनाव के बावजूद भी कुछ राज्यों ने काफी अच्छा वित्तीय प्रबंधन दिखाया है। गुजरात, महाराष्ट्र और उड़ीसा ने अपने कर्ज से जीएसडीपी अनुपात को 20% के करीब या उससे नीचे रखने में कामयाबी हासिल की है। जनवरी 2026 के अनुमानों के मुताबिक राज्यों से ऐसी उम्मीद है कि वह वित्तीय वर्ष की आखिरी तिमाही में लगभग 5 लाख करोड़ का कर्ज लेंगे। 16वें वित्त आयोग द्वारा वित्तीय मजबूती पर जोर देने के साथ लक्ष्य 2031 तक केंद्र और राज्य के संयुक्त कर्ज को जीडीपी के 50% तक कम करना है।

### केंद्रीय बजट आते ही मप्र ने लिया कर्ज

केंद्रीय बजट आने के दो दिन बाद मध्यप्रदेश सरकार ने चालू वित्तीय वर्ष में 5200 करोड़ रुपए के कर्ज फिर से लिए हैं। यह कर्ज एमपी सरकार को तीन किस्तों में जारी किया जाएगा। इसके बदले में राज्य को अपनी वित्तीय स्वायत्तता में भारी नुकसान उठाना पड़ेगा। इस नए कर्ज के साथ मध्य प्रदेश का कुल कर्ज अब लगभग 4.75 लाख करोड़ का हो जाएगा, जो वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए राज्य के 4.2 लाख करोड़ रुपए के बजट से लगभग 55,000 करोड़ रुपए अधिक है। राज्य सरकार अपने बढ़ते कर्ज के बोझ को सही ठहरा रही है। सरकार का कहना है कि अपने बड़े विकास लक्ष्यों के अनुरूप सार्वजनिक बुनियादी ढांचे के निर्माण के लिए धन की आवश्यकता होती है। विकास कार्यों के लिए सरकार भविष्य में भी कर्ज लेती रहेगी।

## जम्मू के जुवेनाइल ऑब्जर्वेशन सेंटर से 3 कैदी फरार

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ जम्मू**

जम्मू के आरएस पुरा सेक्टर में जुवेनाइल ऑब्जर्वेशन सेंटर से सोमवार शाम तीन कैदी फरार हो गए। कैदियों ने सुरक्षा में तैनात पुलिसकर्मियों पर हमला भी किया, जिसमें दो पुलिसकर्मी घायल हुए। पुलिस के मुताबिक, यह घटना शाम करीब 5:15 बजे हुई। एसपीओ विनय कुमार और हेड कांस्टेबल पर्वीन कुमार को चोट आई है। जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया। घटना का सीसीटीवी फुटेज सामने आया है, जिसमें एक कैदी के हाथ में पिस्टल दिखाई दे रही है। हालांकि अभी यह स्पष्ट नहीं कि पिस्टल कहां से आई और कितनी राउंड फायरिंग हुई। पुलिस ने बताया कि जांच शुरू कर दी गई है। फरार कैदियों को पकड़ने के लिए विशेष टीमों का गठन किया गया है। टीम की अलग-अलग स्थानों पर छापेमारी जारी है।

## भारत-फ्रांस के बीच 3.25 लाख करोड़ की डील आज

### भारत को 114 राफेल मिलेंगे, मुबंई में राष्ट्रपति मैक्रों से मिलेंगे पीएम मोदी

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ मुंबई**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों की आज मुंबई में मुलाकात होगी। इस दौरान दोनों देशों के बीच 3.25 लाख करोड़ रुपए की डिफेंस डील होगी। यह डील कीमत के लिहाज से भारत की सबसे बड़ी सैन्य खरीद होगी। इसके तहत भारत को 114 राफेल फाइटर जेट मिलेंगे।

आज होने वाली बैठक में रक्षा, समुद्री सहयोग, इंडो-पैसिफिक रणनीति, उभरती तकनीक, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और वैश्विक मुद्दों पर चर्चा होगी। यह बैठक दोपहर 3:15 बजे मुबंई के लोक भवन में होगी। दोनों नेता शाम 5:15 बजे वे भारत-फ्रांस इनोवेशन ईयर 2026 का उद्घाटन करेंगे। साथ ही दोनों देशों के उद्योगपतियों, स्टार्टअप फाउंडर्स, रिसर्च एक्सपर्ट्स और इनोवेशन से जुड़े लोगों को संबोधित करेंगे। राष्ट्रपति मैक्रों 17 से 19 फरवरी तक भारत के दौरे पर रहेंगे। इस दौरान वे दिल्ली में अकइम्पैक्ट समिट में भी हिस्सा लेंगे।

### पुलों की सुरक्षा और उनकी स्थिति की

# सटीक निगरानी के लिए डिजिटल सर्वे

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**

उज्जैन जिले सहित पूरे मप्र में मप्र में पुलों की सुरक्षा और उनकी स्थिति की सटीक निगरानी के लिए डिजिटल सर्वे कराया जा रहा है। सरकार प्रदेश के सभी प्रमुख, पुराने और विशेषकर शार्प टर्न (तीखे मोड़) वाले पुलों का तकनीकी सर्वे डिजिटल माध्यमों से करवाएगी।

जानकारी के अनुसार, पुलों की सुरक्षा, मरम्मत और मजबूती की दिशा में यह कदम उठाया जा रहा है। मप्र सड़क विकास निगम लिमिटेड ने मोबाइल ब्रिज इंस्पेक्शन यूनिट के जरिए राज्य भर के पुलों का डिजिटल सर्वे कराने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इसके लिए निगम ने परामर्श सेवाओं की निविदाएं जारी की हैं, जिनके माध्यम से पुलों की इन्वेंटरी, स्थिति सर्वेक्षण और विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार की जाएगी।

जानकारी के अनुसार, प्रदेश के सालों पुराने पुलों से भविष्य में किसी प्रकार की आपदा न हो इसके लिए अब प्रदेश के छह मीटर से साठ मीटर के मध्यम पुल और साठ मीटर से अधिक लंबाई वाले वृहद पुलों का गूगल शीट



पर डिजिटल डेटाबेस तैयार किया जाएगा। वहीं बीस साल पुराने सभी पुलों का प्रोफेशनल सेफ्टी ऑडिट किया जाएगा। केबल रोपवे, सस्पेंशन पुल, स्टे ब्रिज सहित अन्य पुलों की भी विशेष देखरेख मॉनिटरिंग का इंतजाम किया जाएगा। निगम द्वारा जारी निविदा के अनुसार के माध्यम से राज्यभर में सभी श्रेणी की सड़कों पर बने बड़े-छोटे पुल, फ्लाईओवर, पुलिया और स्लैब नालियों का इन्वेंटरी डाटा तैयार किया जाएगा। साथ ही उनकी मौजूदा स्थिति का सर्वे कर उन्हें मजबूत बनाने, रेट्रोफिटिंग या पुनर्निर्माण का आकलन किया जाएगा।

### स्लैब नालियों का डेटा एकत्र किया जाएगा

अधिकारियों के अनुसार इस पहल से पुलों की वास्तविक स्थिति का सटीक डेटाबेस तैयार होगा, जिससे समय पर मरम्मत और मजबूती की योजना बन सकेगी। इससे सड़क सुरक्षा बढ़ेगी और भविष्य में दुर्घटनाओं की आशंका कम होगी। इस तकनीक से राज्य में सभी श्रेणी की सड़कों पर बने बड़े पुल, छोटे पुल, फ्लाईओवर, पुलिया और स्लैब नालियों का डेटा एकत्र किया जाएगा। इसके जरिए प्रत्येक संरचना की वर्तमान स्थिति का वैज्ञानिक आकलन होगा, जिससे यह तय किया जा सकेगा कि किन पुलों को मजबूत बनाने, रेट्रोफिटिंग या पुनर्निर्माण की जरूरत है। यह कार्य दो पैकेज में कराया जाएगा, जिनकी कुल अनुमानित लागत करीब 72.02 लाख रुपए रखी गई है। धरोहर राशि 72 हजार रुपए तय की गई है और निविदा का मूल्य 10 हजार रुपए निर्धारित किया गया है। दोनों पैकेजों के लिए कार्य पूर्ण करने की अवधि छह माह रखी गई है, जिसमें वर्षा काल भी शामिल रहेगा। इसके साथ ही निगम ने कई अन्य कार्यों की भी निविदाएं जारी की हैं।




## खबर एक नजर...

### 14 साल की बालिका की मौत, नहीं कराया पीएम

**उज्जैन।** ग्राम रणाहेड़ा घट्टिया से सोमवार दोपहर परिजन 14 साल की बालिका भगवंता पिता राधेश्याम को चरक अस्पताल लेकर पहुंचे थे। डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद मृत घोषित कर दिया। शव को पोस्टमार्टम कक्ष भेजा गया, लेकिन परिजनों ने पीएम कराने से इंकार कर दिया। परिजनों का कहना था कि तबीयत ठीक नहीं रहती थी। दिल में छेद था। घर पर बैठे-बैठे गिर गई थी, पानी पिलायाने का प्रयास किया, लेकिन नहीं उठी। पुलिस ने परिजनों से लिखित में पोस्टमार्टम नहीं कराने और बीमार होने की सूचना प्राप्त कर शव सौंप दिया।

### घूरने कर देखने की बात पर जान से मारने की धमकी

**उज्जैन।** तराना तहसील के ग्राम नौगांवा में रहने वाला विक्रम पिता मांगीलाल जाट 22 साल घर के बाहर खड़ा था उसी दौरान वहां से गांव में ही रहने वाला माणकचंद पिता जगन्नाथ जाट 58 साल गुजरा। विकास ने घूरकर देखा तो दोनों के बीच गाली-गलौच शुरू हो गई। मामला मारपीट में बदल गया और जान से मारने की धमकी दी गई। लोगों ने बीच-बचाव कर मामला शांत कराया। दोनों जान से मारने की धमकी देने की शिकायत लेकर तराना थाने पहुंचे। पुलिस ने दोनों की शिकायत पर क्रास प्रकरण दर्ज किया है।

### यूजीसी कानून पर सवर्ण संगठनों का हस्ताक्षर अभियान, सांसद को ज्ञापन

**उज्जैन।** यूजीसी विनियम-2026 के विरोध में सवर्ण समाज के संगठनों ने मंगलवार को टावर चौक पर प्रदर्शन किया। यहां हस्ताक्षर अभियान चलाया और इसके बाद नारेबाजी करते हुए जुलूस के रूप में सांसद अनिल फिरोजिया के कार्यालय पहुंचे, जहां उन्हें ज्ञापन सौंपा। सपाक्स प्रवक्ता जेआर माहुरकर ने बताया कि ज्ञापन देने वालों में अनिल सिंह चंदेल, सुरेंद्र चतुर्वेदी, डॉ. हीरालाल त्रिवेदी, दिनेश श्रीवास्तव और करणी सेना से शैलेंद्र सिंह झाला शामिल थे।

### लोगों का नुकसान हो चरित्र गिरे, जन-धन की हानि हो, ऐसी चीजों को बढ़ावा न दें

**उज्जैन।** लोगों का नुकसान हो चरित्र गिरे, जन-धन की हानि, ऐसी चीजों को बढ़ावा ना दिया जाए। पिंगलेश्वर स्थित बाबा जय जय गुरुदेव आश्रम में बाबा उमाकांत जी महाराज ने देश के राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, सभी प्रदेशों के मुख्यमंत्रियों और सभी मठाधीशों से यह प्रार्थना की। बाबा महाशिवरात्रि पर विशेष आशीर्वचन दे रहे थे। उन्होंने कहा हिंसा करना पाप है। जो लोग बलि नहीं चढ़ाते थे यह समझते थे कि देवी खुश होंगी। बिहार के मुख्यमंत्री ने शराब बंद कर दी। मुट्ठी भर लोग विरोध करते रहे बाकी खुशियां मना रहे हैं। बाबा ने कहा में यह देख रहा हूं प्रधानमंत्री, राष्ट्रपति या ज्यादातर मंत्री जो है प्रदेशों के मुख्यमंत्री जो लोग हैं, वह सब धार्मिक हैं। सब भगवान के भक्त हैं। देवी, देवता, शिव जी को सब मानते हैं। आज के दिन हमारी यही प्रार्थना है आप ऐसा नियम बनाएं कि जो भी अधार्मिक हैं, धर्म को बदनाम करने में जुटे हैं, ऐसे लोगों से दूरी बनाएं और समाज से दूर करने के लिए प्रयास करें।

### महिला स्वास्थ्य जागरूकता के लिए डॉ. यादव को जेसीआई एक्सीलेंस अवार्ड

**उज्जैन।** जेसीआई उज्जैन द्वारा हर वर्ष शहर के गणमान्य व्यक्तियों को सम्मानित किया जाता है, जिन्होंने सामाजिक, शैक्षणिक, चिकित्सा या अन्य क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान दिया हो। इसी क्रम में इस वर्ष का जेसीआई एक्सीलेंस अवार्ड स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ. आकांक्षा यादव को प्रदान किया गया। उन्हें यह सम्मान महिला स्वास्थ्य के क्षेत्र में निरंतर जागरूकता अभियान, निःशुल्क परामर्श शिविरों और सामाजिक सहभागिता के माध्यम से उत्कृष्ट योगदान के लिए दिया गया।

### अधिकारी नहीं आए तो फूटा वकीलों को आक्रोश

# कलेक्टर केबिन तक पहुंचे, ज्ञापन चस्पा कर लौटे

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन




गत दिनों शिवपुरी के करेरा में अभिभाषक की गोली मारकर हुई हत्या को लेकर सोमवार को प्रदेशभर में हुए विरोध प्रदर्शन के दौरान उज्जैन में बवाल मच गया। यहां वकीलों से ज्ञापन लेने कोई वरिष्ठ अधिकारी नहीं पहुंचा। इससे नाराज होकर अभिभाषक भी नारे लगाते हुए कलेक्टर केबिन के बाहर पहुंच गए। प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की और कलेक्टर केबिन के बाहर ज्ञापन चस्पा कर वापस लौट आए।

घटनाक्रम दोपहर करीब सवा 2 बजे का है। इस दौरान करीब 15-20 मिनट तक कलेक्टोरेट परिसर में हंगामा मचता रहा। शुरुआत में रैली निकालते हुए अभिभाषकों की भीड़ न्यायालय परिसर से आई। कोठी का चक्कर लगाते हुए वे कलेक्टोरेट बिल्डिंग के मुख्य गेट के पास खड़े हो गए। करीब 10-15 मिनट तक नारेबाजी करते हुए एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट लागू करने की मांग करते रहे। काफी इंतजार के बाद वहां कार्यालय अधीक्षक ज्ञापन लेने आए, जिनका पदनाम सुनकर वकीलों ने ज्ञापन देने से इंकार कर दिया। बोले वरिष्ठ स्तर के अधिकारी को भेजो। जब वरिष्ठ अधिकारी नहीं पहुंचे तो कलेक्टर व प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए वकील बिल्डिंग के अंदर आ गए और सीधे कलेक्टर के चैम्बर के गेट पर पहुंच गए। अधिकारी के वहां मौजूद नहीं होने पर अभिभाषकों ने अपना ज्ञापन वहीं कलेक्टर की नेम प्लेट के नीचे चस्पा किया और यहीं से वापस लौट गए। दरअसल ज्यादातर अधिकारी महाशिवरात्रि की ड्यूटी में लगे थे। इस कारण उस समय कोई कलेक्टोरेट में मौजूद नहीं थे। उज्जैन न्यायालय के 3200 अभिभाषक काम से विरत रहे मप्र में एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट लागू करने की मांग को लेकर सोमवार को प्रदेशभर के अभिभाषकों ने विरोध किया। उन्होंने न्यायालयीन कार्य नहीं किया। उज्जैन न्यायालय के 3200 अभिभाषक भी काम से विरत रहे। मंडल अभिभाषक संघ उज्जैन के अध्यक्ष ओम सारवान ने बताया कि उज्जैन में 1 हजार वकील नियमित काम करते हैं। रही बात नारेबाजी व विरोध की तो इतनी भीड़ में सब तरह के लोग शामिल होते हैं। पहले से समय मिलने के बाद भी अधिकारी के नहीं मिलने से वे नाराज हो गए थे।

# मेडिकल स्टोर से 20 हजार की चोरी

### सतीगेट-कंठाल चौराहे पर की वारदात, सीसीटीवी में निगरानी करती नजर आई महिला




ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

उज्जैन में महाशिवरात्रि की रात चोरों ने दो अलग-अलग स्थानों पर चोरी की वारदातों को अंजाम दिया। सतीगेट और कंठाल चौराहे स्थित दुकानों को निशाना बनाया गया। एक मेडिकल स्टोर से करीब 20 हजार रुपए की चोरी हुई है। इन वारदातों में एक महिला की संलिप्तता भी सामने आई है, जो रेकी और निगरानी करती दिखी।

सोमवार तड़के करीब 4 बजे सती दरवाजा स्थित बाफना नमकीन की दुकान के ताले तोड़े गए। हालांकि, दुकान के भीतर सो रहे कर्मचारी जाग गए, जिससे चोर भाग निकले। इसके कुछ देर बाद, सुबह करीब 5:30 बजे कंठाल चौराहे पर स्थित रॉयल मेडिकल को निशाना बनाया गया।

**मुंह पर कपड़े बांधे थे आरोपी-** घटना का एक वीडियो सामने आया है। इसमें दो युवक मुंह पर कपड़ा बांधे दुकान के बाहर खड़े दिखते हैं, जबकि एक महिला कुछ दूरी पर खड़ी होकर सड़क पर निगरानी करती नजर आती है। वीडियो में पहले दोनों युवक इधर-उधर घूमते हैं, फिर महिला के इशारे के बाद शटर का ताला तोड़ने की कोशिश करते हैं। बाद में तीनों मिलकर शटर उठाते दिखाई देते हैं।

दुकानदार के अनुसार, पुलिस मौके पर पहुंची और जांच भी की। हालांकि, कोतवाली थाना टीआई डीबीएस चौहान ने ऐसी किसी घटना की जानकारी होने से इनकार किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# उज्जैन में बालगृह से भागे बच्चों का अब-तक सुराग नहीं

### नेपाल भागने की आशंका, वॉशरूम की ग्रिल तोड़कर भागे थे




ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

उज्जैन के नागझिरी थाना क्षेत्र स्थित लालपुर के सरकारी बालगृह से वाशरूम की ग्रिल तोड़कर भागे दो नाबालिग बच्चों का चार सप्ताह बाद भी कोई सुराग नहीं लग पाया है। पुलिस ने दोनों की तलाश के लिए लगातार प्रयास किए, लेकिन अब तक कोई सफलता नहीं मिली है।

करीब 27 दिन पहले बालगृह से दो बच्चे फरार हो गए थे, जिसकी सूचना नागझिरी थाना पुलिस को दी गई थी। पुलिस जांच में सामने आया कि फरार नाबालिगों में एक की उम्र 13 वर्ष और दूसरे की उम्र 15 वर्ष है। इनमें से एक बच्चा करीब तीन महीने पहले बालगृह में लाया गया था, जबकि दूसरा लगभग एक वर्ष से वहीं रह रहा था।

20 जनवरी को दोनों बच्चों ने वाशरूम जाने की बात कहकर अंदर प्रवेश किया और वहां लगी ग्रिल तोड़कर फरार हो गए। कुछ देर बाद जब स्टाफ ने उन्हें देखा तो वे बालगृह में नहीं थे। इसके बाद पुलिस और बालगृह प्रशासन ने सर्च अभियान शुरू किया, लेकिन अब तक दोनों बच्चों का कोई पता नहीं चल पाया है।

**नेपाल भागने की आशंका-** सूत्रों के अनुसार, फरार बच्चों में से एक नेपाल का रहने वाला है, जिसे शाजापुर से उज्जैन के बालगृह भेजा गया था, जबकि दूसरा दिल्ली का निवासी है। पुलिस ने दोनों की तलाश के लिए बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन और अन्य संभावित स्थानों पर छापेमारी की, लेकिन अब तक सफलता नहीं मिली है। नेपाल निवासी बच्चे के अपने घर भाग जाने की आशंका भी जताई जा रही है। फिलहाल पुलिस लगातार सर्चिंग कर रही है और दोनों नाबालिगों की तलाश जारी है।

### निःशुल्क ओपीडी में 2000 से ज्यादा लोगों ने नाड़ी वैद्य, पंच कर्म और हैमर पद्धति से अपना इलाज भी करवाया

# पांच दिन में एक लाख लोगों ने देखा वन मेला

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



आयुर्वेद को बढ़ावा देने के उद्देश्य से शहर में पहली बार आयोजित वन मेले का सोमवार को समापन हो गया। पांच दिवसीय मेले में आयुर्वेदिक दवाओं और जड़ी-बुटियों की बिक्री भी अच्छी रही। वहीं निःशुल्क ओपीडी में 2000 से ज्यादा लोगों ने नाड़ी वैद्य, पंच कर्म और हैमर पद्धति से अपना इलाज भी करवाया।

एसडीओ विक्रम सोलंकी ने बताया कि पांच दिन में लगभग एक लाख से अधिक लोग मेले में पहुंचे और पचास लाख रुपए से ज्यादा की जुड़ी-बुटी और अन्य सामानों की बिक्री हुई। शासन और वन विभाग की पहल से आयोजित इस मेले में शुद्धता को लेकर लोगों का विश्वास देखने को मिला। वहीं एक बार फिर हमारी प्राचीन इलाज पद्धति की ओर लोगों ने रूख किया। मेले में बनाई ओपीडी में 50 स्टॉल वैद्यों के लिए रखे थे, जहां रजिस्ट्रेशन करवाकर निःशुल्क परामर्श और इलाज किया गया। पांच दिनों में दो हजार से ज्यादा रजिस्ट्रेशन किए गए। ज्यादातर लोग शुगर, माइग्रेन, जोड़ों के दर्द और बीपी की परेशानी का इलाज कराने पहुंचे। 135 वैद्यों ने सेवाएं दी। मेले में बाहर से आए कुछ वैद्यों ने मेले के समय और स्थान चयन को लेकर नाराजगी जताई। नाम न छापने की शर्त पर उन्होंने बताया कि मेला प्रमुख मार्ग से काफी अंदर लगाया और सही प्रचार न होने से लोग कम संख्या में पहुंचे। उन्होंने यह भी कहा कि महाशिवरात्रि पर्व के चलते भी लोगों की संख्या कम रही।

**शुगर, माइग्रेन के मरीज ज्यादा-** हैमर पद्धति से इलाज कराने वालों की लगी भीड़ भोपाल से आए हैमर थेरेपिस्ट मो. राशिद खान के स्टॉल पर सबसे ज्यादा भीड़ रही। खान हथौड़ी और लोहे की रॉड से मांसपेशियों और जोड़ों के दर्द को ठीक कर रहे थे। दो दिन पहले वन मेले में पहुंचे खान ने 100 से ज्यादा मरीजों का इलाज किया। भैरवगढ़ जेल प्रशासन द्वारा लगाया गया स्टॉल सबसे ज्यादा चर्चा में रहा। कैदियों द्वारा बनाई गई साड़ियां, दरी, एलईडी बल्ब, पीपल के पत्ते पर पेंटिंग और मसालों की खूब बिक्री हुई।

उज्जैन
मंगलवार
17
फरवरी, 2026

# दैनिक ब्रह्मास्त्र

न कर्तृत्वं न कर्माणि लोकस्य सृजति प्रभुः।
न कर्मफलसंयोगं स्वभावस्तु प्रवर्तते॥

अर्थः परमेश्वर मनुष्यों के न तो कर्तापन की, न कर्मों की और न कर्मफल के संयोग की रचना करते हैं, किन्तु स्वभाव ही बर्त रहा है।

## खबर एक नजर...

### अस्पताल के मैनेजर्स को दाऊद के नाम से धमकी

**इंदौर।** अरबिंदो हॉस्पिटल परिसर व आसपास के इलाके में घूम रहे स्ट्रीट डॉग को रेस्क्यू करने पर अरबिंदो हॉस्पिटल के महाप्रबंधक और सहायक प्रबंधक को मोबाइल पर धमकी मिली है। धमकी दाऊद इब्राहिम के नाम से दी है। धमकी देने वाले ने खुद को दाऊद के न्यूयॉर्क ऑफिस से कॉल करना बताया है। मामले में प्रबंधकों ने बाणगंगा पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई है। बाणगंगा टीआई सियाराम सिंह गुर्जर के मुताबिक धमकी हॉस्पिटल के महाप्रबंधक राजीव सिंह और सहायक प्रबंधक नीरज सेन को मिली है। नीरज ने पुलिस को बताया रविवार रात 10.12 बजे उन्हें +1812 सीरीज के मोबाइल नंबर से कॉल आया था। प्राथमिक जांच में पुलिस ने पाया कि ये कोई लोकल व्यक्ति है, जिसने धमकाने का प्रयास किया है।

### महिला की मौत, डॉ. पंजवानी व मेडिकल संचालक पर केस दर्ज

**इंदौर।** जूनी इंदौर क्षेत्र में इलाज के दौरान महिला की मौत के मामले में क्लिनिक संचालित करने वाले डॉक्टर और मेडिकल संचालक के खिलाफ पुलिस ने केस दर्ज किया है। क्लिनिक सील कर दिया। महिला के बेटे ने मामले में कई विभागों से शिकायत की थी। जूनी इंदौर पुलिस ने बिजलपुर के मार्तंड नगर निवासी रोहन चौहान की शिकायत पर श्रीचंद पिता साबूमल बागेजा निवासी हर्ष क्लिनिक खातीवाला टैंक और डॉक्टर ज्ञान एस. पंजवानी के खिलाफ केस दर्ज किया। हर्ष क्लिनिक में फर्जी डिग्री के आधार पर प्रतिबंधित दवाओं से इलाज किए जाने की शिकायत मिली थी।

### निःशुल्क ड्राइविंग प्रशिक्षण की 14वीं बैच, 40 महिलाएं बनीं प्रशिक्षित ड्राइवर

**इंदौर।** निःशुल्क ड्राइविंग प्रशिक्षण योजना की 14वीं बैच पूर्ण होने के साथ ही शहर में प्रशिक्षित महिला ड्राइवरों की संख्या 500 के पार पहुंच गई है। इस बैच में 40 महिलाओं को प्रशिक्षण देकर प्रमाणित किया गया। अब तक 509 महिलाएं इस योजना के तहत प्रशिक्षण ले चुकी हैं। योजना परिवहन विभाग और नंदानगर स्थित आईटीआई के प्रयास से संचालित की जा रही है। पहले 13 बैच में 469 महिलाओं को प्रशिक्षण दिया गया था। एआरटीओ अर्चना मिश्रा ने बताया कोविड-19 के बाद रोजगार संकट के दौर में शुरू की गई यह पहल झुग्गी-बस्तियों और निम्न आय वर्ग की महिलाओं के लिए आय का नया साधन बनी है। कई महिलाएं ई-रिक्शा चलाकर परिवार की जिम्मेदारी संभाल रही हैं।

### विजय नगर चौराहे पर सिग्नल बंद, जाम लगा, वाहन चालक परेशान



**इंदौर।** विजय नगर चौराहे पर सोमवार शाम अचानक ट्रैफिक निग्नल बंद हो गए। इससे चौराहे पर वाहनों की कतार लग गई। कई वाहन चालक रॉन्ग साइड घुस गए, इससे वाहन गुत्थम-गुत्था होते रहे। करीब आधे किमी तक वाहन फंसे रहे। इस दौरान मौके पर ट्रैफिक पुलिस जवान भी मौजूद नहीं था। ऐसे में वाहन चालकों ने ट्रैफिक व्यवस्था संभाली। करीब 1 घंटे तक वाहन चालक जाम के कारण परेशान होते रहे।

# एमबीए छात्रा की हत्या करने वाला बोला- मुझे मरना है

## ट्रेन के सामने भी आया, डर के चलते पीछे हटा, पुलिस से कहा- अनर्थ हो गया

ब्रह्मास्त्र ⏩ इंदौर



इंदौर के द्वारकापुरी थाने में पुलिस एमबीए छात्रा की हत्या के आरोपी पीयूष धमनोदिया के खिलाफ सबूत जुटा रही है। आरोपी अभी पुलिस रिमांड पर है। पूछताछ के दौरान आरोपी ने पुलिस को बताया कि उसने ट्रेन के सामने आकर आत्महत्या करने की कोशिश की थी, लेकिन डर के कारण पटरी से हट गया।

एडीशनल डीसीपी दिशेष अग्रवाल और शिवांशु जोशी जब आरोपी से पूछताछ करने पहुंचे, तो उसने सादा कागज मांगा। कागज मिलने पर आरोपी ने लिखा कि उसने गलत किया और उसके हाथों अनर्थ हो गया। उसने लिखा कि वह छात्रा से प्यार करता था और अब उसे मरना है। वह पुलिस से टइअ छात्रा से मिलवाने की बात करता है।

**मुंबई में भी लिख चुका है ऐसा बयान-** पुलिस के अनुसार आरोपी मुंबई के अंधेरी थाने में भी पुलिस अधिकारियों से सादा कागज लेकर इसी तरह की बातें लिख चुका है। आरोपी यूट्यूब पर आत्महत्या के तरीके भी सर्च कर चुका है, लेकिन उसने आत्महत्या नहीं की। थाने में आरोपी अन्य आरोपियों से कहता है कि उसने यूट्यूब पर वकील और पुलिस से संबंधित वीडियो देखे हैं। वह कहता है कि जेल में रहकर पढ़ाई करेगा और केस से बाहर आ जाएगा। उसने एक आरोपी से यह भी पूछा कि उसे कितनी सजा हो सकती है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि आरोपी व्यवहार में सामान्य दिखने की कोशिश कर रहा है।

**परिजनों से छात्रा के सामान की कराई पहचान-** इधर, सोमवार को पुलिस ने छात्रा की छोटी बहन और चचेरी बहन को थाने बुलाकर छात्रा के सामान की पहचान कराई। उनसे आरोपी और छात्रा के संबंध, मुलाकात और घर आने-जाने के बारे में जानकारी ली गई।

जांच में सामने आया है कि आरोपी पहले बाणगंगा क्षेत्र में रहता था और अक्टूबर में द्वारकापुरी में रहने आया था। पुलिस को जानकारी मिली है कि आरोपी पहले से नशा करता था, लेकिन उसने यह बात छात्रा से छिपाई थी।

## छात्रा के शव से भी दरिंदगी, हैवानियत सुन रो पड़ी एसआई

**हाथ पांव बांधे, मुंह में कपड़ा ठूंसकर गला घोंटा-** द्वारकापुरी की अंकल वाली गली में एमबीए छात्रा की हत्या मामले में पूछताछ के दौरान आरोपी पीयूष धामनोदिया से चौंकाने वाले खुलासे हुए हैं। पीयूष ने हत्या के बाद भी छात्रा से दरिंदगी की थी। वह पहले से ही हत्या का मन बना चुका था और झगड़ा होने पर गला घोंटने के लिए रस्सी खरीदकर रख ली थी। पूछताछ में सामने आया कि घटना से पहले आरोपी ने छात्रा के हाथ-पैर बांध दिए और मुंह में कपड़ा ठूंस दिया। इसके बाद उसका गला घोंटा और सीने पर चाकू से वार किए। पुलिस के मुताबिक हत्या के बाद आरोपी शराब लेकर आया। इसके बाद उसने फिर छात्रा के शव के साथ दरिंदगी की। बयान दर्ज करते समय एक महिला एसआई भावुक हो गईं। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।



**ढाई घंटे तक छात्रा के साथ रूम में रहा था पीयूष-** पुलिस ने सोमवार को घटनास्थल के आसपास के कैमरे खंगाले। जांच में पता चला कि आरोपी 10 फरवरी को ढाई घंटे तक कमरे में रहा। वह छात्रा के साथ रूम में आते व हत्या के बाद बैग लेकर जाते दिखाई दिया है। आरोपी ने बताया कि ढाई घंटे किस तरह से उसने छात्रा के साथ दरिंदगी की। घटना वाले दिन 10 फरवरी को छात्रा ने अस्वस्थ होने के कारण साथ जाने से मना किया था, लेकिन आरोपी बात करने के बहाने उसे साथ ले गया था।

**चरित्र पर आरोपः** आरोपी ने कहा कि छात्रा एक एप से युवकों से बात करती थी, इसलिए मुझे लगा कि धोखा दे रही है। पुलिस का कहना है कि आरोपी ने मुंबई में छात्रा का मोबाइल तोड़ दिया था।

# डीएवीवी का दीक्षांत समारोह आज

## राज्यपाल मंगु भाई पटेल करेंगे शिरकत, 221 शोधार्थियों को मिलेगी पीएचडी डिग्री

ब्रह्मास्त्र ⏩ इंदौर



देवी अहिल्या यूनिवर्सिटी का दीक्षांत समारोह 17 फरवरी को आयोजित किया जाएगा। समारोह के मुख्य अतिथि राज्यपाल मंगु भाई पटेल होंगे। इस बार दीक्षांत समारोह को समयबद्ध और संक्षिप्त रखते हुए केवल सवा से डेढ़ घंटे में संपन्न करने की योजना बनाई गई है, जिसके तहत सभी मेडल और डिग्रियों का वितरण इसी समयावधि में किया जाएगा। कार्यक्रम सुबह 11.30 बजे शुरू होगा। इस मौके पर राज्यपाल परिसर में ही एनीमिया जागरूकता कार्यक्रम रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। इसके पूर्व सोमवार को समारोह के पूर्व हुई रिहर्सल की गई।

213 मेडल और 221 पीएचडी डिग्रियां दी जाएंगी समारोह में कुल 213 मेडल और 221 पीएचडी डिग्रियां प्रदान की जाएंगी। यह दीक्षांत समारोह विशेष इसलिए भी है, क्योंकि इसमें शैक्षणिक सत्र 2023-24 और 2024-25 दोनों का दीक्षांत एक साथ आयोजित किया जा रहा है। पीएचडी डिग्री प्राप्त करने वाले शोधार्थियों में महिलाओं की संख्या अधिक है।

ग्रुप में बुलाए जाएंगे शोधार्थी और मेडलिस्ट कार्यक्रम को सुव्यवस्थित रखने के लिए शोधार्थियों को 6-6 के समूह में मंच पर आमंत्रित किया जाएगा, जबकि मेडल प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को 2-2 के समूह में बुलाया जाएगा। पीएचडी डिग्री के लिए 221 शोधार्थी समारोह में शामिल होंगे, वहीं 121 विद्यार्थी मेडल प्राप्त करेंगे, जिनमें 90 से अधिक छात्राएं हैं।

## खजराना के गर्भगृह में घुसे गुंडे भाऊ और पत्नी पर केस दर्ज

ब्रह्मास्त्र ⏩ इंदौर

खजराना गणेश मंदिर में दर्शन के लिए अवैध तरीके से गर्भ गृह में घुसे गुंडे सतीश भाऊ और उसकी पीं पर खजराना पुलिस ने केस दर्ज किया है। ये केस खजराना प्रबंधन द्वारा गुंडे को गर्भगृह में जबरदस्ती प्रवेश करवाने वाले आरोपी आकाश रावत के बयानों के बाद और मंदिर प्रबंधन से मिले सीसीटीवी फुटेज के आधार पर दर्ज किया है। खजराना टीआई मनोज सेंधव ने बताया कि गुंडे सतीश भाऊ द्वारा खजराना गणेश मंदिर में बिना अनुमति के गर्भगृह में जाकर दर्शन किए थे। उसे स्थानीय निवासी आकाश रावत ने खजराना सिक्योरिटी में लगे गार्ड पर दबाव बनाकर गर्भगृह में एंट्री करवाई थी। आकाश को आरोपी बनाने के बाद सतीश भाऊ और उसकी पीं की पहचान की। फिर उन्हें भी आरोपी बनाया है। दोनों पर बीएनएस की धारा 223, 188 के तहत कार्रवाई कर आरोपी बनाया है। जल्द ही नोटिस देकर दोनों पर एक्शन लिया जाएगा। भाऊ पर केस दर्ज करने के साथ अब पुलिस उसके द्वारा किए जा रहे धार्मिक आयोजन पर भी नजर रखेगी। सूत्रों से पुलिस अधिकारियों को जानकारी पहुंची है कि गुंडे भाऊ के इस आयोजन में देवास, उज्जैन, रतलाम, खरगोन, खंडवा, सीहोर, भोपाल सहित इंदौर व आसपास के ग्रामीण इलाकों से सैकड़ों अपराधियों के आने की खबर है। इस यात्रा को भी गुंडे ने पीं की मदद से पुलिस अधिकारियों से अनुमति के लिए आवेदन लगाए हैं। उसकी पत्नी की पहचान की। फिर उन्हें भी आरोपी बनाया है।

# इंदौर मेट्रो का 11 किमी लंबा ट्रैक तैयार, सीएमआरएस ऑडिट के बाद शुरू होगा संचालन

ब्रह्मास्त्र ⏩ इंदौर



इंदौर मेट्रो प्रोजेक्ट में बड़ी प्रगति हुई है। मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन के अधिकारियों के अनुसार सुपर कॉरिडोर से रेडिसन चौराहा तक करीब 11 किलोमीटर लंबा ट्रैक पूरी तरह तैयार हो चुका है। हालांकि, स्टेशनों के कुछ अंदरूनी कार्य अभी बाकी हैं, लेकिन दावा किया जा रहा है कि संचालन शुरू होने से पहले अधिकांश काम पूरा कर लिया जाएगा।

सीएमआरएस (कमीशनर ऑफ मेट्रो रेल सेफ्टी) की टीम इस सप्ताह सिक्योरिटी ऑडिट के लिए इंदौर पहुंच सकती है। मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन ने उनके दौरे की सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। टीम ट्रैक, थर्ड रेल (बिजली लाइन) और अन्य तकनीकी पहलुओं का निरीक्षण करेगी। जूनियर स्तर की टीम द्वारा बताए गए सुधारों को भी तुरंत पूरा किया जा रहा है। अधिकारियों का कहना है कि सीएमआरएस टीम पहले अपने स्तर पर चेकिंग करेगी और रिपोर्ट सौंपेगी। इसके बाद मुख्य सीएमआरएस टीम मार्च के पहले सप्ताह में आकर फाइनल ऑडिट कर सकती है। सिक्योरिटी ऑडिट में एनओसी (नो ऑब्जेक्शन सर्टिफिकेट) मिलते ही सुपर कॉरिडोर से रेडिसन स्टेशन तक 11 किमी हिस्से में मेट्रो का संचालन शुरू हो जाएगा। दावा है कि एक साथ इतने लंबे ट्रैक पर मेट्रो का संचालन देश में पहली बार होगा। मार्च तक संचालन शुरू करने का प्रयास है, लेकिन सीएमआरएस टीम के दौरे में कोई देरी हुई तो यह अप्रैल तक खिसक सकता है। मेट्रो अधिकारी पूरी कोशिश कर रहे हैं कि समय पर सेवा शुरू हो सके, जिससे शहरवासियों को बेहतर कनेक्टिविटी मिले। फिलहाल गांधी नगर से सुपर कॉरिडोर स्टेशन-3 तक करीब 6 किमी में मेट्रो का संचालन चल रहा है।

फिलहाल गांधी नगर से सुपर कॉरिडोर स्टेशन-3 तक करीब 6 किमी में मेट्रो का संचालन चल रहा है।

### 24 घंटे चल रहा काम

फिलहाल गांधी नगर से सुपर कॉरिडोर स्टेशन-3 तक करीब 6 किमी में मेट्रो का संचालन चल रहा है। मार्च तक कुल 17 किमी (6+11) में यात्रियों के लिए मेट्रो सेवा शुरू करने का लक्ष्य है। स्टेशनों के अंदरूनी काम (रंगाई-पुताई और फिनिशिंग) युद्ध स्तर पर हो रहा है।

### मार्च-अप्रैल 2026 तक संभावित

सुपर कॉरिडोर से रेडिसन चौराहा तक 11 किमी ट्रैक तैयार है। इसमें अतिरिक्त स्टेशन शामिल हैं, कुल 11 स्टेशन इस सेक्शन में हैं। सीएमआरएस ऑडिट के बाद यह हिस्सा चालू होने पर कुल संचालित लंबाई करीब 17 किमी हो जाएगी।



# रोहित शेट्टी फायरिंग केस में हरियाणा से 4 आरोपी गिरफ्तार

## मुख्य शूटर हरि बॉक्सर और आरजू के संपर्क में था, अब तक 11 अरेस्ट

मुंबई में फिल्ममेकर रोहित शेट्टी के घर पर 31 जनवरी को पांच राउंड फायरिंग हुई थी। इस मामले में मुंबई क्राइम ब्रांच और हरियाणा के झज्जर की बहादुरगढ़ स्पेशल टास्क फोर्स ने संयुक्त ऑपरेशन के तहत हरियाणा के बहादुरगढ़ से चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। चारों आरोपियों को मुंबई लाने की तैयारी है।

हरियाणा एसटीएफ के एसपी विक्रांत भूषण ने बताया कि मुंबई में रोहित शेट्टी के घर पर फायरिंग की घटना के बाद मुंबई पुलिस की एंटी-एक्सटॉर्शन सेल ने उनसे संपर्क किया था। इसके बाद हरियाणा एसटीएफ और मुंबई पुलिस ने मिलकर बहादुरगढ़ से चार आरोपियों को गिरफ्तार किया, जिनका नाम ऋतिक यादव, दीपक, सनी और सोनू है। सभी उत्तर प्रदेश के रहने वाले हैं।

उन्होंने आगे बताया कि दीपक मुख्य शूटर था, जो विदेश में बैठे हरि बॉक्सर और आरजू के संपर्क में था। उसी ने रोहित शेट्टी के घर पर गोली चलाई थी। वहीं, उसके साथी सन्नी और सोनू ने घर के बाहर रेकी की थी। आरोपी ऋतिक ने दीपक और उसके साथियों को छिपने में मदद की। सभी के खिलाफ बीएनएस की धारा 109, एमपीए की धारा 37(1), 37(2) और 3, 25 आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। अब तक रोहित शेट्टी फायरिंग मामले में करीब 11 लोगों की गिरफ्तारी हो चुकी है। फिलहाल मामले की आगे की जांच जारी है। इससे पहले मुंबई पुलिस ने 5 फरवरी को आरोपी आसाराम फसाले को गिरफ्तार किया था, जो पिछले चार सालों से गैरेज मैकेनिक के तौर पर काम कर रहा था और लॉरेंस गैंग से जुड़ा हुआ था।

# पंजाबी मॉडल हिमांशी खुराना को लॉरेंस गैंग की धमकी

## 10 करोड़ नहीं दिए तो मार देंगे

बिग बॉस-13 में नजर आ चुकी





पंजाबी एक्ट्रेस और मॉडल हिमांशी खुराना को लॉरेंस गैंग ने जान से मारने की धमकी दी है। उनसे 10 करोड़ रुपए की रंगदारी मांगी गई है। थ्रेट कॉल आने के बाद हिमांशी ने मोहाली पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। थ्रेट कॉल में गैंगस्टर ने एक्ट्रेस को पैसे न देने पर जान से मारने की धमकी दी। शिकायत के बाद पुलिस कॉल डिटेल खंगाल रही है। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते जांच तेज कर दी है। हिमांशी खुराना पंजाब के कीरतपुर साहिब की रहने वाली हैं। उन्हें पंजाबी इंडस्ट्री की ऐश्वर्या राय के नाम से भी जाना जाता है।

**गैंगस्टर हैरी बॉक्सर ने की थ्रेट कॉल-** मोहाली के सोहना थाने में बीएनएस की धारा 308(4) और 351(3) के तहत मामला दर्ज किया गया है। धमकी लॉरेंस गैंग के गैंगस्टर हैरी बॉक्सर ने दी है।

**सुपरहिट गानों से बनाई पहचान-** उन्होंने 2011 में मिस लुधियाना का खिताब जीतने के बाद मॉडलिंग से करियर की शुरुआत की और साड्डा हक जैसी फिल्मों और सोच जैसे सुपरहिट गानों से बड़ी पहचान बनाई। जबकि, बिग बॉस 13 का हिस्सा बनने के बाद वो सबसे ज्यादा फेमस हुईं।

**बिग बॉस से निकलने के बाद डिप्रेशन में चली गई थीं-** हिमांशी खुराना बिग बॉस में बतौर वाइल्ड कार्ड कंटेस्टेंट नजर आ चुकी हैं। शो के दौरान उनके और शहनाज गिल के बीच काफी विवाद भी हुए थे। शो से निकलने के बाद उन्होंने एक चैट शो में बताया था कि बिग बॉस के घर के नेगेटिक माहौल से वो काफी डिप्रेशन में चली गई थीं। यहां तक कि शो से निकलने के बाद वो करीब 2 सालों तक डिप्रेशन में थीं। हिमांशी का कहना था कि वो इतनी ज्यादा डिप्रेस्ड थीं कि कभी कभार उन्हें पैनिक अटैक भी आने लगे थे। इसकी वजह से उन्हें हॉस्पिटल में भी एडमिट कराया गया था।



9 करोड़ के चेक बाउंस मामले में

# राजपाल यादव को अंतरिम जमानत

## परिवार ने बताया खुशी का दिन जल्द करेंगे प्रेस कॉन्फ्रेंस

अभिनेता राजपाल यादव को 9 करोड़ रुपये के चेक बाउंस मामले में बड़ी राहत मिली है। दिल्ली हाईकोर्ट ने सोमवार को उन्हें 18 मार्च 2026 तक अंतरिम जमानत दे दी। इससे पहले 5 फरवरी को अभिनेता ने सरेंडर किया था, जिसके बाद उन्हें तिहाड़ जेल भेज दिया गया था। अदालत ने यह राहत उस समय दी जब मामले में 1.5 करोड़ रुपये जमा किए जाने की पुष्टि निजी कंपनी एम/एस मुरली प्रोजेक्ट के वकील द्वारा की गई। राजपाल यादव को अस्थायी जमानत अपनी भांजी की शादी में शामिल होने के लिए दी गई है, जो शाहजहांपुर में आयोजित होनी है। अदालत के इस फैसले के बाद परिवार और करीबियों में खुशी का माहौल है। अभिनेता के मैनेजर गोल्डी ने मीडिया से बातचीत में कहा कि यह हमारे लिए बहुत खुशी का दिन है और परिवार इस फैसले से बेहद राहत महसूस कर रहा है। उन्होंने पुष्टि की कि राजपाल यादव को जमानत मिल गई है और यह खबर पूरे परिवार के लिए बड़ी राहत लेकर आई है। मैनेजर ने यह भी बताया कि राजपाल यादव जल्द ही इस पूरे मामले पर अपनी बात रखने के लिए प्रेस कॉन्फ्रेंस करेंगे। संभावना है कि एक या दो दिन के भीतर प्रेस वार्ता आयोजित की जाएगी। तब तक इस मामले पर विस्तृत टिप्पणी नहीं की जाएगी। परिवार की ओर से फिलहाल यही कहा गया है कि वे कानूनी प्रक्रिया का पूरा सम्मान करते हैं और आगे की कार्रवाई कानून के तहत ही होगी। यह मामला वर्ष 2010 से जुड़ा है, जब राजपाल यादव ने अपनी फिल्म अता पता लापता के निर्माण के लिए ऋण लिया था। आरोप है कि वह समय पर कर्ज नहीं चुका पाए, जिसके बाद वित्तीय अनियमितता और चेक बाउंस का मामला अदालत तक पहुंचा। वर्ष 2018 में एक मजिस्ट्रेट अदालत ने राजपाल यादव और उनकी पत्नी को छह महीने की सजा सुनाई थी। इसके बाद मामला उच्च न्यायालय में लंबित रहा।

## आकाशदीप ने कहा- सलमान ने मेरी जिंदगी खराब नहीं की

# नागिन 7 के एक्टर ने दी 5 करोड़ की चुनौती, शो में ड्रैगन बनकर लौटीं कनिका मान



टीवी का पॉपुलर सुपरनैचुरल शो ह्लनागिनह्व एक बार फिर नए सीजन के साथ दर्शकों के बीच आ चुका है। एकता कपूर की इस हिट फ्रेंचाइजी ने अब तक छह सफल सीजन पूरे किए हैं और हर बार नए ट्विस्ट, नए किरदार और हाई-टेक प्रेजेंटेशन के साथ दर्शकों को बांधे रखा है। नागिन 7 में इस बार कहानी और भी बड़े लेवल पर जाती दिख रही है। इच्छाधारी नागिन के साथ-साथ अब शो में इच्छाधारी ड्रैगन की एंट्री हो चुकी है, वहीं एक खतरनाक विलेन के रूप में आकाशदीप सहगल की वापसी ने एक्साइटमेंट और बढ़ा दी है।

इसी सिलसिले में हमने कनिका मान और आकाशदीप सहगल से खास बातचीत की। दोनों ने अपने किरदार, शो और वापसी को लेकर खुलकर बात की है।



**नागिन एक बड़ी फ्रेंचाइजी है। क्या आपने पहले कभी सोचा था कि आप इसका हिस्सा बनेंगी?**

कनिका मान- नागिन अपने आप में एक बहुत बड़ी फ्रेंचाइजी है। इसके अब तक छह सीजन आ चुके हैं और मुझे सभी बहुत पसंद आए हैं। मेरे घर, पड़ोस और रिश्तेदारों में सब लोग नागिन देखते हैं। मुझे ये शो बहुत इंटरेस्टिंग लगता था, लेकिन मैंने कभी नहीं सोचा था कि मैं इसका हिस्सा बनूंगी। एकता कपूर मैम के शो हमेशा अलग लेवल के होते हैं। इस बार मैं इच्छाधारी नागिन नहीं, बल्कि इच्छाधारी ड्रैगन हूं, यही चीज मुझे सबसे ज्यादा एक्साइट कर रही थी।

**नागिन 7 में आपका लुक और गेटअप काफी चर्चा में है। इस किरदार में खुद को देखकर और इसे निभाते हुए आपको कैसा लग रहा है?**

आकाशदीप सहगल- ये किरदार चुनौतीपूर्ण भी है और बहुत मजेदार भी। इसका अंदाज बिल्कुल अलग है। इससे पहले मैंने ऐसा कैरेक्टर नहीं निभाया। इसमें एक अलग स्टाइल है, स्वैग है और फ्लो है। शो में मेरे डायलॉग्स बहुत स्ट्रॉन्ग हैं और विलेन का रोल होने की वजह से कई शेड्स खेलने को मिलते हैं, इसलिए इसे निभाने में बहुत मजा आ रहा है।

**आपका रोल शो में गेम-चेंजर कैसे साबित होगा, इस पर कोई हिंट देंगी?**

कनिका मान- मेरा कैरेक्टर दूसरे एपिसोड में ड्रैगन के तौर पर इंट्रोड्यूस हुआ है। अब दर्शक देख रहे हैं कि वो किस तरह का इम्पैक्ट लेकर आ रहा है। राधिका की जर्नी एक रोलर-कोस्टर जैसी है उसकी बैकग्राउंड, ड्रैगन बनने तक का सफर और जो सिचुएशंस वो फेस करती है, वो सब बहुत इंटेंस है। कुछ सीन ऐसे हैं कि अगर वो रियल लाइफ में हो जाएं, तो इंसान अंदर से हिल जाए।

**फैंस पूछते हैं कि आपने वापसी में इतना वक्त क्यों लगाया?**

आकाशदीप सहगल- सबसे पहले मैं दर्शकों से माफी मांगना चाहता हूं। 2015 में मेरी मां का निधन हो गया था। उसके बाद मैं आत्म-खोज के दौर में चला गया। मुझे ये समझने में समय लगा कि मैं असल में कौन हूं और जिंदगी से क्या चाहता हूं। इस इंडस्ट्री में इंसान काम में इतना उलझ जाता है कि खुद से दूर हो जाता है।

**सेट पर आपकी और प्रियंका की दोस्ती कैसी रहती है?**

कनिका मान- हम दोनों गॉसिप टाइप लोग नहीं हैं, लेकिन बातें कभी खत्म ही नहीं होतीं। हमारी दोस्ती 10 साल पुरानी है। हमने एक-दूसरे को अप्स एंड डाउन में देखा है। हम एक-दूसरे को जेनुइनली सपोर्ट करते हैं और एक-दूसरे की ग्रोथ देखकर खुश होते हैं।

**काफी समय तक ये चर्चा रही कि आपने एक्टिंग से संन्यास ले लिया है और सलमान खान को लेकर भी कई अटकलें लगीं?**

आकाशदीप सहगल- संन्यास मैंने लिया है, लेकिन वो बाहरी नहीं बल्कि अपने मन के भीतर लिया है। सिर्फ पहाड़ों पर जाकर खड़े हो जाना ही संन्यास नहीं होता। असली मोक्ष तो दुनिया में रहते हुए, जिम्मेदारियों के बीच खुद को समझकर भी पाया जा सकता है।

जहां तक सलमान खान से जुड़ी अफवाहों की बात है, तो मैं साफ कहना चाहता हूं कि मैं सलमान से भी उतना ही प्यार करता हूं, जितना शाहरुख खान और अमिताभ बच्चन से करता हूं। ये कहना कि सलमान ने मेरी जिंदगी खराब की, पूरी तरह गलत है। मैंने ऐसा कभी नहीं कहा। अगर कोई ऐसा दावा करता है कि मैंने ये बात कही है, तो मैं खुले तौर पर चुनौती देता हूं अगर किसी के पास ऐसा कोई वीडियो या सबूत हो, तो मैं उसे 5 करोड़ देने को तैयार हूं।

### निसांका की 52 बॉल में सेंचुरी, इंग्लैंड का सेकेंड हाईएस्ट टोटल

# ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टी-20 वर्ल्ड कप में पहला शतक

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

टी-20 वर्ल्ड कप में सोमवार को रिकॉर्ड्स का दिन रहा। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मुकाबले में श्रीलंका के पथुम निसांका ने टूर्नामेंट इतिहास का यादगार शतक जड़ते हुए सिर्फ 52 गेंदों में सेंचुरी पूरी की। यह ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टी-20 वर्ल्ड कप में किसी भी बल्लेबाज का पहला शतक भी रहा।

दूसरे मैच में इंग्लैंड ने इटली के खिलाफ टूर्नामेंट का अपना दूसरा सबसे बड़ा टोटल खड़ा किया। टीम ने 24 रन से मैच भी अपने नाम किया। दिन के बाकी मुकाबलों में अफगानिस्तान ने यूएई को 5 विकेट से हराकर इस वर्ल्ड कप में अपनी पहली जीत दर्ज की, जबकि श्रीलंका ने ऑस्ट्रेलिया को 8 विकेट से हरा दिया।

- **गुरबाज अफगानिस्तान के लिए सबसे ज्यादा बार शून्य पर आउट-** रहमानुल्लाह गुरबाज अफगानिस्तान के लिए टी-20 में सबसे ज्यादा बार शून्य पर आउट होने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। वे 10वीं बार बिना खाता खोले पवेलियन लौटे। मोहम्मद नबी (9) दूसरे स्थान पर हैं, जबकि राशिद खान और गुलबदीन नईब 8-8 बार शून्य पर आउट हुए हैं।
- **जादरान अफगानिस्तान के लिए सबसे ज्यादा 50+ स्कोर वाले बैटर-** इब्राहिम जादरान अफगानिस्तान के लिए टी-20 इंटरनेशनल में सबसे ज्यादा 50+ स्कोर बनाने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। उन्होंने 15 बार पचास या उससे ज्यादा रन की पारियां खेली हैं। गुरबाज (14) और मोहम्मद शहजाद (13) इस सूची में उनके पीछे हैं।
- **राशिद 700 टी-20 विकेट लेने वाले पहले बॉलर-** राशिद खान टी-20 क्रिकेट (लीग+डोमेस्टिक+इंटरनेशनल) में 700 विकेट लेने वाले दुनिया के पहले गेंदबाज बन गए। दूसरे नंबर पर 631 विकेट के साथ वेस्टइंडीज के ड्वेन ब्रावो हैं।



- **इंग्लैंड का टी-20 वर्ल्ड कप में सेकेंड हाईएस्ट टोटल-** इंग्लैंड ने टी-20 वर्ल्ड कप में अपना दूसरा सबसे बड़ा टोटल बना दिया। इससे पहले उनका बेस्ट स्कोर 2016 में साउथ अफ्रीका के खिलाफ 230 रन था। इंग्लैंड ने 12 छक्के लगाकर टी-20 वर्ल्ड कप मैच में अपने सबसे ज्यादा सिक्स का रिकॉर्ड भी बना दिया।
- **जैक्स की इंग्लैंड के लिए फास्टेस्ट टी-20 वर्ल्ड कप फिफ्टी-** विल जैक्स ने इटली के खिलाफ 21 गेंद में फिफ्टी लगाकर इंग्लैंड के लिए टी-20 वर्ल्ड कप की सबसे तेज अर्धशतकीय पारी खेली। उन्होंने इयोन मॉर्गन और जोस बटलर के 25-25 गेंद वाले पुराने रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया।
- **इस वर्ल्ड कप में छठी बार 200+ टोटल बना-** 2026 टी-20 वर्ल्ड कप में रिकॉर्ड छठी बार 200+ स्कोर बना, जो इस टूर्नामेंट के एक एडिशन में सबसे ज्यादा है। इससे पहले 2007 में 5 बार और 2016 व 2024 में 4-4 बार 200+ टोटल बने थे।
- **इटली ने 13 सिक्स लगाए-** इटली ने इंग्लैंड के खिलाफ 13 छक्के लगाकर टी-20 वर्ल्ड कप में किसी एसोसिएट टीम द्वारा संयुक्त रूप से दूसरे सबसे ज्यादा छक्के लगाने का रिकॉर्ड बनाया। हालांकि टॉप पर अब भी नीदरलैंड्स (19 छक्के) के नाम है।
- **कुसल मेंडिस सबसे ज्यादा सिक्स लगाने वाले श्रीलंकाई बल्लेबाज-** कुसल मेंडिस श्रीलंका के लिए टी-20 इंटरनेशनल में सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। उन्होंने 97 छक्के जड़ते हुए दसुन शनाका को पीछे छोड़ा।
- **निसांका की श्रीलंका के लिए तीसरी सबसे तेज संचुरी-** पथुम निसांका ने श्रीलंका के लिए टी-20 में तीसरी सबसे तेज सेंचुरी लगाने का रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया। उन्होंने 52 गेंद में यह शतक पूरा किया। इस फॉर्मेट में श्रीलंका के लिए सबसे तेज शतक का रिकॉर्ड अब भी कुसल परेरा के नाम है, जिन्होंने 2025 में न्यूजीलैंड के खिलाफ नेल्सन में 44 गेंद में सेंचुरी ठोकी थी। निसांका टी-20 वर्ल्ड कप में श्रीलंका के लिए हाईएस्ट इंडिविजुअल स्कोरर भी बन गए हैं। उन्होंने नाबाद 100 रन की पारी खेली।
- **वर्ल्ड कप में श्रीलंका ने ऑस्ट्रेलिया को तीसरी बार हराया-** श्रीलंका ने वर्ल्ड कप (टी-20+वनडे) में केवल तीसरी बार ऑस्ट्रेलिया को हराया। 1996 वनडे वर्ल्ड कप फाइनल में 7 विकेट से ऐतिहासिक जीत से लेकर 2009 में नॉटिंघम और अब 2026 में पल्लेकेले में 8 विकेट से जीत तक, श्रीलंका ने बड़े मौकों पर ऑस्ट्रेलिया को चौंकाया है।

### आज जिम्बाब्वे जीता तो ऑस्ट्रेलिया बाहर

श्रीलंका ने टी-20 वर्ल्ड कप में लगातार तीसरा मैच जीतकर सुपर-8 में एंट्री कर ली। आज आयरलैंड के खिलाफ अगर जिम्बाब्वे जीत गई तो टीम सुपर-8 में एंट्री के साथ ऑस्ट्रेलिया को ग्रुप स्टेज से ही बाहर भी कर देगी। न्यूजीलैंड भी आज कनाडा को हराकर अगले राउंड में एंट्री कर सकती है।

**ग्रुप-एः पाकिस्तान को आखिरी मैच जीतना ही होगा-** ग्रुप-ए में रविवार को 2 मैच खेले गए। अमेरिका ने नामीबिया को 31 रन से हराया। वहीं भारत ने पाकिस्तान को 61 रन से हरा दिया। 6 पॉइंट्स के साथ टीम इंडिया टॉप पर है और सुपर-8 में भी एंट्री कर ली। वहीं अमेरिका 4 पॉइंट्स लेकर नंबर-2 पर पहुंच गई, टीम के सभी मैच खत्म हो गए। पाकिस्तान के भी 4 ही पॉइंट्स हैं, लेकिन खराब रन रेट के कारण टीम तीसरे नंबर पर है। उनका आखिरी मैच नामीबिया से है, टीम तीनों मुकाबले हारकर बाहर हो चुकी है। हालांकि, नामीबिया ने अगर पाकिस्तान को हरा दिया तो टीम 2009 की चैंपियन को ग्रुप स्टेज से ही बाहर कर देगी।

**ग्रुप-बीः जिम्बाब्वे जीता तो ऑस्ट्रेलिया बाहर-** सोमवार को होम टीम श्रीलंका ने 2021 की चैंपियन ऑस्ट्रेलिया को हरा दिया। लगातार तीसरी जीत से श्रीलंका ने सुपर-8 में जगह बना ली। वहीं दूसरी हार से ऑस्ट्रेलिया बाहर होने की कगार पर पहुंच गया। टीम को जिम्बाब्वे के खिलाफ भी हार मिली। ऑस्ट्रेलिया को अब ओमान के खिलाफ आखिरी मैच में जीत के साथ जिम्बाब्वे के दोनों मैच हारने का इंतजार भी करना होगा। जिम्बाब्वे अगर श्रीलंका और आयरलैंड से हार जाए और ऑस्ट्रेलिया का रन रेट ग्रुप-बी में बेस्ट रहे, तभी कंगारू टीम क्वालिफाई कर पाएगी। वहीं जिम्बाब्वे ने आखिरी दोनों में से एक भी मैच जीत लिया तो टीम श्रीलंका के साथ सुपर-8 में जगह बना लेगी।

## पाकिस्तान को हराकर अहमदाबाद पहुंची टीम इंडिया



### यहां 18 फरवरी को नीदरलैंड्स से मुकाबला भारत सुपर-8 में जगह बना चुका

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

भारतीय क्रिकेट टीम सोमवार को कोलंबो से अहमदाबाद पहुंच गई। कोलंबो में पाकिस्तान को 61 रन से हराकर टीम इंडिया ने टी-20 वर्ल्ड कप के सुपर-8 में जगह पक्की कर ली। अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में टीम इंडिया 18 फरवरी को नीदरलैंड्स से भिड़ेगी।

ईशान किशन ने 77 रन की पारी खेली रविवार को आर प्रेमदासा स्टेडियम में भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 7 विकेट के नुकसान पर 175 रन बनाए। ईशान किशन ने 40 गेंदों पर 77 रन की तूफानी पारी खेली, जिसमें 10 चौके और 3 छक्के शामिल रहे। कप्तान सूर्यकुमार यादव ने 32 रन का योगदान दिया। पाकिस्तान की ओर से सईम अयूब ने 3 विकेट झटके। 176 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए पाकिस्तान की टीम 18 ओवर में 114 रन पर ऑलआउट हो गई। उस्मान खान ने सबसे ज्यादा 44 रन बनाए। भारत की ओर से जसप्रीत बुमराह, अक्षर पटेल, वरुण चक्रवर्ती और हार्दिक पंड्या ने 2-2 विकेट लेकर जीत पक्की की। भारत ग्रुप-अ पॉइंट्स टेबल में टॉप पर इस जीत से भारत ने टूर्नामेंट में लगातार तीसरी जीत दर्ज कर ली और टीम ग्रुप-ए पॉइंट्स टेबल में टॉप पर पहुंच गई। भारत 61 रन से जीता। रन के अंतर से यह टी-20 वर्ल्ड कप इतिहास में पाकिस्तान के खिलाफ भारत की सबसे बड़ी जीत रही।

## केकेआर के 18 करोड़ के स्टार मथीशा पथिराना हैमस्ट्रिंग चोट से बाहर

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

टी20 विश्व कप 2026 में श्रीलंका को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेले गए अहम मुकाबले के दौरान बड़ा झटका लगा, जब टीम के प्रमुख तेज गेंदबाज मथीशा पथिराना हैमस्ट्रिंग चोट के कारण मैदान छोड़ने को मजबूर हो गए। पल्लेकेले में खेले जा रहे इस मुकाबले में पथिराना को पावरप्ले के दौरान आक्रमण पर लगाया गया था, लेकिन वह सिर्फ चार गेंदें ही फेंक सके और दर्द से कराहते हुए मैदान से बाहर चले गए। उनकी चोट ने न केवल इस मैच में श्रीलंका की रणनीति को प्रभावित किया, बल्कि आईपीएल 2026 से पहले कोलकाता नाइट राइडर्स के लिए भी चिंता बढ़ा दी है, जिसने उन्हें 18 करोड़ रुपये में अपनी टीम में शामिल किया है।

मुकाबले की शुरुआत ऑस्ट्रेलिया के आक्रामक अंदाज से हुई। ट्रैविस हेड और मिचेल मार्श ने पहले ही ओवर से तेज रनगति अपनाई और श्रीलंकाई गेंदबाजों पर दबाव बना दिया। ऐसे में कप्तान दासुन शनाका ने तीसरे ओवर में मथीशा पथिराना को गेंद थमाई, उम्मीद थी कि उनकी अनोखी स्लिंग एक्शन और डेथ ओवर विशेषज्ञता पावरप्ले में भी असर दिखाएगी। शुरुआती चार गेंदों पर उन्होंने कसी हुई गेंदबाजी की और केवल तीन रन दिए, जिससे लग रहा था कि श्रीलंका मैच में वापसी कर सकता है।


**महिला कारीगर की आवश्यकता है**
हैंडमेड ज्वैलरी बनाने हेतु शीघ्र 4 महिला कारीगर की आवश्यकता है।
समय :- 2 से 7 बजे तक (3 से 4 घंटे रोज)
वेतन:- कार्य करने पर निर्भर (10 हजार+)
ऐसी महिला कारीगर की आवश्यकता है जो एंब्रॉयडरी, सिलाई, बुनाई जैसे काम में कार्यरत हो।
कॉल 7424877834
संपर्क सुबह 10 से शाम 6 तक केवल

**लोन... लोन... लोन...**
श्रीराम फाइनेंस कंपनी द्वारा लोन लेना हुआ आसान
सभी प्रकार के लोन
आधार कार्ड लोन, बिजनेस लोन, पर्सनल लोन, होम लोन, वाहन लोन, महिला ग्रुप लोन 50% छूट)
आसानी से मिलेगा घर बैठे लोन सबसे कम ब्याज दर पर!
(लोन का पैसा सीधे आपके बैंक खाते में)
हमसे संपर्क करें मो. 7404467154

**आवश्यकता है**
कक्षा प्राइमरी व मिडिल (इंग्लिश मिडियम )के लिए। शिक्षक - शिक्षिकाओं की।
आवश्यकता
विशेष इंग्लिश स्पोकन एवं इंग्लिश मिडियम से पढ़े लिखे वाले को प्राथमिकता। वेतन योग्यता अनुसार।
अल्मा इंटरनेशनल स्कूल तराना
मो:9893648687

**आवश्यकता**
अशासकीय विद्यालय श्री संस्कृति कॉन्वेंट मिडिल स्कूल भैरवगढ़ मे अंग्रेजी माध्यम में कक्षा नर्सरी से 8वी तक अध्यापन हेतु शिक्षक / शिक्षिकाओ की आवश्यकता है।
B.ED / D.AD/DEID को प्राथमिकता
ऑफिस कार्य हेतु बाई की आवश्यकता है। वेतन योग्यता अनुसार
सम्पर्कः राजेश राव सर
Mo No. 9977588698

**फार्म हाउस**
मात्र 99 रुपये sqfit में फार्मलैंड
साईज 36x100 बकरी, खरगोश पालन, दूध डेरी, सब्जी की खेती, आश्रम के लिए अति उत्तम। इंदौर से मात्र 110km, उज्जैन-आगर रोड से 5 मिनट दूरी पर
9669777899

**आवश्यकता**
मे. प्रथम इन्टरप्राईजेस लुबरिकेन्ट ऑयल मार्केटिंग
सेल्समेन- पद 5 (सैलरी 5 अंकों में)
पता- चिमनगंज मण्डी, हीरो शोरुम, HDFC बैंक के सामने, आगर रोड, उज्जैन (म.प्र.)
CONTACT: 8225022548

**खरीदना है**
मकान या प्लाट पीपलीनाका, जयसिंहपुरा, गऊघाट में साइज 20 बाय 40 या 20 बाय 50 मकान प्लाट दक्षिण मुखी नहीं होना चाहिए मकान के आगे थोड़ा रोड फोर विलय गाड़ी पार्किंग हो सके मकान प्लाट की रजिस्ट्री होना प्लाट मालिक के नाम चाहिए
पंडित रामनारायण शर्मा: 999 3 154947
व्हाट्सएप नंबर: 8959513547









**भूमि बेचना है**
ग्राम मेढिया तक्षशीला स्कूल के पास इन्दौर रोड से अन्दर की ओर पौने चार बीघा भूमि का विक्रय करना है एवं ग्राम चन्दूखेड़ी में बड़नगर रोड सिक्स लैन पर साढ़े तीन बीघा भूमि का विक्रय करना है। भूमि क्रय करने के इच्छुक व्यक्ति ही सम्पर्क करें।
सम्पर्क सूत्र मो. नं.- 7999080798, 7999512383, 7987874500

**बेचना है**
दो मंजिला स्वतंत्र बंगला कॉर्नर प्लाट
नवलखा चौराहे के पास, मंगलमूर्ति धाम में 911 स्के. फीट प्लाट पर 1650 स्क्वेयर फीट निर्माण
3BHK+2 कार पार्किंग, उत्तर-पूर्व मुखी
9893681399

**किराए से देना है**
1 BHK ke 2 फ्लैट
एक फ्लैट में 2 रुम, 2 लेटबाथ, 1 किचन, एक और फ्लैट में भी सेम यही।
पताः 40 घी मंडी सखीपुरा उज्जैन, (न्यू गीता रोडलाइंस के ऊपर)
मोबाइलः 9425056656 9111175000

**वॉटर प्रूफिंग**
करवाएं काफी कम रेट में
विजीट चार्ज 499/-
ईंट का कॉवा वॉटर प्रूफिंग भी किया जाता है।
बदली के ड्रायवर की आवश्यकता हो तो संपर्क करें
9977140280

### चांदी की फीकी पड़ी चमक

# कीमतों में 2% की गिरावट



ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली

राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में चांदी की कीमतें 2% घटकर 2.5 लाख रुपये प्रति किलोग्राम रह गईं, जबकि सोना 700 रुपये बढ़कर 1,59,200 रुपये प्रति 10 ग्राम पहुंचा। निवेशकों की मुनाफावसूली और डॉलर इंडेक्स की कमजोरी ने बाजार को प्रभावित किया।

राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में सोमवार को चांदी की कीमतें करीब 2 प्रतिशत घटकर 2.5 लाख रुपये प्रति किलोग्राम रह गईं। वहीं, सोना 700 रुपये प्रति 10 ग्राम बढ़कर 1,59,200 रुपये पर बंद हुआ। अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, चांदी की कीमत शुक्रवार को 2,55,000 रुपये प्रति किलोग्राम थी, जो सोमवार को 5,000 रुपये या 1.96 प्रतिशत घटकर 2,50,000 रुपये प्रति किलोग्राम रह गई। दूसरी ओर, 99.9 प्रतिशत शुद्ध सोने की कीमत 1,58,500 रुपये से बढ़कर 1,59,200 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई।

लेमन मार्केट्स डेस्क के शोध विश्लेषक गौरव गर्ग ने बताया कि सप्ताहांत की तेजी के बाद निवेशकों ने मुनाफा लिया, जिससे चांदी में नरम रुख दिखा। हालांकि, केंद्रीय बैंक की खरीदारी, प्रौद्योगिकी और एआई शेयरों में गिरावट के बीच सुरक्षित निवेश की मांग और कमजोर डॉलर इंडेक्स ने नुकसान को कम करने में मदद की। वैश्विक बाजारों में भी चांदी करीब 1 प्रतिशत घटकर 76.94 डॉलर प्रति औंस और सोना 40.10 डॉलर घटकर 5,003.01 डॉलर प्रति औंस पर बंद हुआ। एचडीएफसी सिक्योरिटीज में वरिष्ठ जिंस विश्लेषक सौमिल गांधी ने कहा कि डॉलर में मामूली मजबूती और उसके बाद खरीदारी की कमी से सोने पर दबाव पड़ा।

### 33.7 किमी लंबी सुरंग के निर्माण पर 18,662 करोड़ रुपये खर्च होंगे, सामरिक लिहाज से साबित होगी अहम

# ब्रह्मपुत्र के नीचे बनेगी ट्विन ट्यूब सुरंग

ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली

इन परियोजनाओं से कई प्रमुख पर्यटन स्थलों जैसे त्रंबकेश्वर ज्योतिर्लिंग, हम्पी (यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल), बेल्लारी किला, तुंगभद्रा बांध समेत अन्य धार्मिक व ऐतिहासिक स्थानों तक पहुंच बेहतर होगी। ये रूट कोयला, स्टील, लौह अयस्क, सीमेंट, खाद्यान्न, उर्वरक, कंटेनर और पेट्रोलियम उत्पाद जैसे प्रमुख माल परिवहन के लिए अहम हैं। क्षमता वृद्धि से अतिरिक्त 96 मिलियन टन प्रतिवर्ष माल ढुलाई की संभावना है।

केंद्र सरकार ने असम में ब्रह्मपुत्र नदी के नीचे ट्विन ट्यूब सुरंग बनाने की योजना को मंजूरी दी है। यह देश की पहली और दुनिया की दूसरी सुरंग होगी जिसमें एक से सड़क और दूसरी से रेल लाइन गुजरेगी। इसे ट्विन ट्यूब टीबीएम टनल नाम दिया गया है। पड़ोसी चीन को देखते हुए यह सुरंग सामरिक के साथ ही आर्थिक लिहाज से भी काफी महत्वपूर्ण साबित होगी। 33.7 किमी लंबी इस सुरंग के निर्माण पर 18,662 करोड़ रुपये खर्च होंगे।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता वाली आर्थिक मामलों की समिति ने असम में इंजीनियरिंग प्रोक्योरमेंट कंस्ट्रक्शन (ईपीसी) के तहत एनएच-15 पर गोहपुर से नुमालीगढ़ तक 715 खंड पर 4-लेन एक्सेस-कंट्रोल ग्रीनफील्ड कनेक्टिविटी के निर्माण को मंजूरी दी। इसमें ब्रह्मपुत्र नदी के नीचे 15.79 किलोमीटर की सड़क के साथ रेल सुरंग भी शामिल है। इस परियोजना से असम, अरुणाचल प्रदेश, नगालैंड और अन्य उत्तर-पूर्वी राज्यों को लाभ मिलेगा। इससे माल ढुलाई की क्षमता में बढ़ोतरी होगी। रसद लागत कम होगी और क्षेत्र में सामाजिक-आर्थिक विकास को गति मिलेगी। इसकी कुल दूरी 33.7 किमी होगी।

**व्यापार-औद्योगिक विकास के नए द्वार खुलेंगे-** परियोजना के पूर्ण होने पर सामरिक, क्षेत्रीय आर्थिक विकास के साथ आर्थिक केंद्रों के बीच संपर्क मजबूत होगा। इससे व्यापार एवं औद्योगिक विकास के नए द्वार खुलेंगे। यह परियोजना लगभग 80 लाख व्यक्ति-दिवस का प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रोजगार सृजित करेगी तथा आसपास के क्षेत्रों में विकास, उन्नति और समृद्धि के नए मार्ग प्रशस्त करेगी। अभी नुमालीगढ़ से गोहपुर जाने में 240 किमी लंबा रास्ता तय करना पड़ता है जिसमें करीब 6 घंटे लगते हैं लेकिन परियोजना के पूरे होने से नुमालीगढ़ और गोहपुर का रास्ता केवल आधे घंटे में तय हो सकेगा।

**प्रमुख पर्यटन स्थलों तक पहुंच होगी आसान-** इन परियोजनाओं से कई प्रमुख पर्यटन स्थलों जैसे त्रंबकेश्वर ज्योतिर्लिंग, हम्पी (यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल), बेल्लारी किला, तुंगभद्रा बांध समेत अन्य धार्मिक व ऐतिहासिक स्थानों तक पहुंच बेहतर होगी। ये रूट कोयला, स्टील, लौह अयस्क, सीमेंट, खाद्यान्न, उर्वरक, कंटेनर और पेट्रोलियम उत्पाद जैसे प्रमुख माल परिवहन के लिए अहम हैं। क्षमता वृद्धि से अतिरिक्त 96 मिलियन टन प्रतिवर्ष माल ढुलाई की संभावना है।



### अतिरिक्त रेल पटरियां बिछाने से 3,902 गांवों तक बढ़ेगा संपर्क, 97 लाख की आबादी को लाभ

कैबिनेट ने रेलवे के तीन मल्टीट्रैकिंग परियोजनाओं को भी मंजूरी दी है। इनमें कसारा से मनमाड के बीच तीसरी और चौथी लाइन, दिल्ली से अंबाला के बीच तीसरी और चौथी लाइन व बेल्लारी से होस्पेटे के बीच तीसरी और चौथी लाइन शामिल है। इनकी अनुमानित लागत 18,509 करोड़ रुपये है। इन पर काम 2030-31 तक पूरा होने की उम्मीद है। यह परियोजना दिल्ली, हरियाणा, महाराष्ट्र और कर्नाटक के 12 जिलों को कवर करती है। अतिरिक्त पटरियां बिछाने से लगभग 3,902 गांवों तक संपर्क बढ़ेगा। 97 लाख की आबादी को फायदा होगा और रोजगार भी बढ़ेगा।

### अन्य फैसले

- महाराष्ट्र में एनएच-160ए के घोटी-त्रिंबक-जव्हार-मनोर-पालघर खंड के पुनर्विकास को भी मंजूरी दी गई है। लागत 3,320.38 करोड़ है।
- गुजरात में धामसिया-बिटाडा/मोवी (47.46 किमी) और नासरपुर-मालोथा (60.21 किमी) के चार-लेन खंडों के निर्माण की मंजूरी दी है। लागत 4583.64 करोड़ रुपये है।
- तेलंगाना में गुडेबेलूर से महबूबनगर तक राष्ट्रीय राजमार्ग- का चौड़ीकरण होगा। लागत 3175.08 करोड़ रुपये है।

### मनी लॉन्ड्रिंग मामले में

# आज ईडी के सामने पेश हो सकती हैं टीना अंबानी



ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली

रिलायंस समूह के चेयरमैन अनिल अंबानी की पत्नी टीना अंबानी मनी-लॉन्ड्रिंग मामले में पूछताछ के लिए मंगलवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के सामने पेश हो सकती हैं। टीना (69) को पूछताछ के लिए दूसरा समन जारी किया गया था। उन्हें 10 फरवरी को एजेंसी के सामने पेश होने के लिए पहला समन जारी किया गया था लेकिन वह पेश नहीं हुईं।

पहले समन पर पेश नहीं होने पर टीना अंबानी को नया समन जारी कर 17 फरवरी को पेश होने को कहा गया था। हालांकि इस घटनाक्रम पर ईडी अधिकारियों की ओर से कोई जवाब नहीं आया। अधिकारियों ने कहा कि टीना अंबानी के पेश होने पर उनसे पूछताछ की जाएगी और प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट (पीएमएलए) के तहत उनका बयान दर्ज किया जाएगा। ऐसा माना जा रहा है कि टीना अंबानी को न्यूयॉर्क के मैनहट्टन में एक लग्जरी कॉन्डोमिनियम खरीदने से जुड़े मनी ट्रेल के बारे में पूछताछ के लिए बुलाया गया है। ईडी ने हाल ही में इस मामले में आरकॉम (रिलायंस कम्युनिकेशन) के पूर्व प्रेसिडेंट पुनीत गर्ग को गिरफ्तार किया है।

**जापान की अर्थव्यवस्था सुस्त, 2025 की आखिरी तिमाही में महज 0.2% की बढ़त-** जापान की अर्थव्यवस्था 2025 की आखिरी तिमाही में बेहद धीमी रफ्तार से बढ़ी और वार्षिक आधार पर सिर्फ 0.2 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई, यह जानकारी सरकार ने सोमवार को जारी आंकड़ों में दी। पूरे वर्ष 2025 में आर्थिक वृद्धि मात्र 1.1 प्रतिशत रही। अक्तूबर-दिसंबर तिमाही में निजी खपत में 0.4 प्रतिशत की सालाना बढ़ोतरी हुई, लेकिन निर्यात में 1.1 प्रतिशत की गिरावट ने इस बढ़त को कमजोर कर दिया।

### जलवायु बचाने की लड़ाई में भारत की बड़ी कोशिश

# खर्च बढ़कर जीडीपी का 5.6% हुआ

ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने म्यूनिख में कहा कि भारत ने जलवायु परिवर्तन पर अपने खर्च को बढ़ा कर जीडीपी का 5.6% कर दिया है। उन्होंने कहा कि बजट 2026-27 में कार्बन उत्सर्जन से जुड़ी लक्ष्यों पर विशेष जोर दिया गया है। आइए इस बारे में विस्तार से जानें।

म्यूनिख सुरक्षा सम्मेलन के वैश्विक मंच से भारत ने जलवायु परिवर्तन की लड़ाई में अपनी गंभीरता और आत्मनिर्भरता का एक मजबूत संदेश दिया है। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को साफ-साफ संदेश दिया दिया भारत क्लाइमेट एक्शन के लिए बाहरी वित्तपोषण का इंतजार नहीं कर रहा है। उन्होंने बताया कि पिछले छह वर्षों में भारत ने इस दिशा में अपना खर्च बढ़ाकर सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का 5.6 प्रतिशत कर दिया है, जो देश की प्रतिबद्धता का प्रमाण है।

**आत्मनिर्भरता और निवेश में भारी उछाल-** एक पैनल चर्चा में भाग लेते हुए वित्त मंत्री ने आंकड़ों के जरिए भारत की बदलती रणनीति को सामने रखा। उन्होंने कहा, छह साल पहले, हम अपनी जीडीपी का लगभग 3.7 प्रतिशत क्लाइमेट एक्शन पर खर्च कर रहे थे। आज यह आंकड़ा बढ़कर 5.6 प्रतिशत के करीब पहुंच गया है। सीतारमण ने इस बात पर जोर दिया कि भारत ने खुद निवेश किया है। उन्होंने विकसित देशों की ओर इशारा करते हुए कहा, हम पैसे या तकनीक के कहीं और से आने का इंतजार नहीं कर रहे, हालांकि उन्हें आना चाहिए। वित्त मंत्री का यह बयान ऐसे समय में आया है, जब ग्लोबल साउथ लगातार क्लाइमेट फाइनेंसिंग में देरी का मुद्दा उठा रहा है। नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में भारत की प्रगति का ब्योरा देते हुए वित्त मंत्री ने बताया कि भारत ने अक्षय ऊर्जा क्षेत्र में अपनी 'राष्ट्रीय स्तर पर निर्धारित प्रतिबद्धताओं' का दो-तिहाई हिस्सा लक्ष्य तिथि से चार साल पहले ही हासिल कर लिया है।



### क्लाइमेट एक्शन के लिए कम भुगतान वाजिब

सीतारमण ने जलवायु कार्रवाई की लागत को लेकर एक महत्वपूर्ण नीतिगत मुद्दा उठाया। उन्होंने तर्क दिया कि जिन देशों ने प्रदूषण में कम योगदान दिया है, उन्हें क्लाइमेट एक्शन के लिए कम भुगतान करना चाहिए। उन्होंने चेतावनी दी कि केवल उत्सर्जन नियंत्रण पर ध्यान केंद्रित करना पर्याप्त नहीं है। हमें लचीलेपन और अनुकूलन पर भी ध्यान देना होगा। अन्यथा, हमें बहुत कुछ बलिदान करना पड़ेगा, उन्होंने कहा। वित्त मंत्री ने स्पष्ट किया कि यह नहीं हो सकता कि कम उत्सर्जन करने वाले देशों को भी बराबर भुगतान करने के लिए कहा जाए; इसके लिए विभेदित उपचार की आवश्यकता है। वित्त मंत्री का यह बयान इस बात का संकेत है कि भारत जलवायु परिवर्तन को केवल मुद्दा नहीं, बल्कि एक आर्थिक जरूरत मान रहा है। जीडीपी के 5.6% का बड़ा निवेश और कार्बन कैप्चर जैसी तकनीकों को बजट (2026-27) में शामिल करना यह साबित करता है कि भारत अब वैश्विक मंच पर केवल वादों को नहीं, बल्कि ठोस कार्रवाई को तरजीह दे रहा है।

### एनवीडिया सीईओ का भारत दौरा रद्द

# इंडिया एआई समिट में नहीं दिखेंगे जेनसन हुआंग

ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली

एनवीडिया सीईओ जेनसन हुआंग ने भारत एआई समिट का दौरा रद्द किया। 16-20 फरवरी को भारत मंडपम में होने वाले इवेंट में अब हाई-लेवल डेलिगेशन शामिल होगा।

देश की राजधानी में आयोजित होने वाले बहुप्रतीक्षित 'इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट' से ठीक पहले आयोजकों और तकनीकी जगत के लिए एक निराशाजनक खबर आई है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) चिप निर्माण में दुनिया की अग्रणी कंपनी एनवीडिया (एनवीडिया) के सीईओ जेनसन हुआंग ने अपना भारत दौरा रद्द कर दिया है। एक वरिष्ठ सरकारी अधिकारी ने इस घटनाक्रम की पुष्टि की।

हुआंग का यह दौरा भारत के एआई ईकोसिस्टम के लिए काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा था, लेकिन अब कंपनी ने साफ किया है कि अपरिहार्य कारणों से वे इस शिखर सम्मेलन में व्यक्तिगत रूप से मौजूद नहीं रह पाएंगे। एक वरिष्ठ सरकारी अधिकारी ने जानकारी दी है कि एनवीडिया के शीर्ष नेतृत्व ने अपनी यात्रा रद्द करने का निर्णय लिया है। अधिकारी ने कहा, 'एनवीडिया सीईओ ने कुछ अपरिहार्य परिस्थितियों के कारण अपनी यात्रा रद्द कर दी है।' हालांकि, कंपनी ने यह सुनिश्चित किया है कि इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम में उनकी भागीदारी बनी रहे। सीईओ की अनुपस्थिति में, एनवीडिया अपना एक 'उच्च-स्तरीय प्रतिनिधिमंडल' भेज रही है जो समिट में कंपनी का प्रतिनिधित्व करेगा और भारत के एआई विजन पर चर्चा करेगा। 16 फरवरी से भारत मंडपम में महाकुंभ इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट का आयोजन हो रहा है। यह कार्यक्रम नई दिल्ली के प्रगति मैदान स्थित प्रतिष्ठित भारत मंडपम में होगा। यह शिखर सम्मेलन 16 फरवरी से शुरू होकर 20 फरवरी तक चलेगा। इस पांच दिवसीय कार्यक्रम का मकसद भारत को दुनिया के एआई मानचित्र पर स्थापित करना और तकनीकी नवाचारों को बढ़ावा देना है।

■ वर्ष-12 अंक-106 मूल्य- 2 रु. मध्यप्रदेश | छत्तीसगढ़ | गुजरात | महाराष्ट्र | राजस्थान | उत्तरप्रदेश | उत्तरांचल मालवा डिवीजन 402/2024-2026 आर एन आई क्रमांक 2013/57651

## सुभाषितानि

तद्बुद्धयस्तदात्मानस्तन्निष्ठास्तत्परायणाः।
गच्छन्त्यपुनरावृत्तिं ज्ञाननिर्धूतकल्मषाः ॥

**भावार्थ** : जिनका मन तद्रूप हो रहा है, जिनकी बुद्धि तद्रूप हो रही है और सच्चिदानन्दघन परमात्मा में ही जिनकी निरंतर एकीभाव से स्थिति है, ऐसे तत्परायण पुरुष ज्ञान द्वारा पापरहित होकर अपुनरावृत्ति को अर्थात परमगति को प्राप्त होते हैं।

यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत। अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्॥

# दैनिक ब्रह्मास्त्र

उज्जैन, मंगलवासरः 17 फरवरी, 2026

नादत्ते कस्यचित्पापं न चैव सुकृतं विभुः।
अज्ञानेनावृतं ज्ञानं तेन मुह्यन्ति जन्तवः॥

**भावार्थ** : सर्वव्यापी परमेश्वर भी न किसी के पाप कर्म को और न किसी के शुभकर्म को ही ग्रहण करता है, किन्तु अज्ञान द्वारा ज्ञान ढँका हुआ है, उसी से सब अज्ञानी मनुष्य मोहित हो रहे हैं।

## सम्पादकीयम्

### खामेनेई इत्यस्य विरुद्धं वर्तते

खाद्यमूल्यानि आकाशगतिम् अवाप्तवन्तः, आवश्यकवस्तूनाम् मूल्यं च ११०% पर्यन्तं वर्धितम्। विश्वस्य ९-१०% तैलभण्डारः इरान्-देशे अस्ति, परन्तु अमेरिका-देशेन इरान्-देशे कठोरप्रतिबन्धाः कृताः, एतानि धनराशिः परमाणुशस्त्रविकासाय उपयुज्यते इति आरोपः जन असन्तुष्टिं। दशकशः प्रतिबन्धाः इरान्-देशः पुनः प्राप्तुं न शक्नोति। पश्चिमस्य वैरभावः खामेनेई इत्यस्य विरुद्धं वर्तते, परन्तु जनसमूहः तस्य भारं वहति। अपि च अतिवादस्य, शासनविषयाणां, मानवअधिकारस्य उल्लङ्घनस्य च आरोपाः सन्ति, ये सर्वे इराणीजनाः बहुधा वीथिषु आनयन्ति २०२२ तमे वर्षे अपि एतादृशाः हिंसकाः विरोधाः अभवन् यदा हिजाबं न धारितवती इति कारणेन एका युवती निरुद्धा मृता च। स्थितिः दुर्गता भविष्यति। नवीनतमाः विरोधाः देशस्य अधिकांशभागेषु प्रसृताः सन्ति। समाचारानुसारं ४५ तः अधिकाः जनाः मृताः। अन्तर्जालः निरुद्धः अस्ति, साधारण-ईरानी-जनानाम् सुरक्षायाः विषये वैश्विकचिन्ता च वर्तते। परन्तु अमेरिकादेशस्य सार्वभौमदेशस्य कार्येषु हस्तक्षेपस्य अधिकारः नास्ति। गतजूनमासे अमेरिका-इजरायल-देशयोः इरान्-देशे विमान-आक्रमणानि कृतानि, परन्तु तेषां परिणामः न अभवत्। अस्मात् पूर्वं असंख्यानि उदाहरणानि सन्ति यत्र अमेरिकीहस्तक्षेपेण स्थितिः केवलं दुर्गता एव अभवत्। इरान्-देशस्य जनाः स्वयमेव निर्णयं कुर्वन्ति चेत् श्रेयस्करम्।

## मणिपुरस्य उखुल्-नगरे हिंसा प्रज्वलितः

# अनेकाः गृहाणि अग्निना दग्धानि जनसमूहः पुलिसस्थाने आक्रमणं



ब्रह्मास्त्र ▸▸ मणिपुर

मणिपुरस्य उखुलमण्डले नवीनहिंसायाः कारणेन स्थितिः अत्यन्तं तनावपूर्णा अभवत्। लिटनश्रेइखोङ्ग ग्रामे निषेधस्य अभावेऽपि गुरुवासरे अज्ञातव्यक्तिभिः गृहद्वये अग्निः प्रज्वलितः, येन सम्पूर्णे क्षेत्रे आतङ्कः उत्पन्नः। अस्याः घटनायाः अनन्तरं सुरक्षाबलानाम् सशस्त्रदुष्टानां च मध्ये प्रायः अर्धघण्टापर्यन्तं बन्दुकयुद्धम् अभवत्। इदानीं तङ्खुल् नागासमुदायस्य महिलासमूहेन लिटनपुलिसस्थानके आक्रमणं कर्तुं प्रयत्नः कृतः, येन पुलिसैः जनसमूहस्य विकीर्णनार्थं अश्रुगैसस्य उपयोगः कर्तुं बाध्यता अभवत्।

पुलिस-अधिकारिणां मते गुरुवासरे प्रातः ७ वादनस्य समीपे केचन अज्ञात-आक्रमणकारिणः लिटन-श्रेइखोङ्ग-ग्रामे द्वौ गृहौ अग्निना दग्धौ। सूचनां प्राप्य मणिपुर-अग्निशामक-सेवायाः एकः दलः घटनास्थले आगत्य अग्निम् अवाप्तुम् प्रयत्नं कृतवान्, परन्तु ज्वाला एतावत् तीव्रः आसीत् यत् उभयगृहद्वयं पूर्णतया नष्टम् अभवत् अस्य घटनायाः अनन्तरं सम्पूर्णे क्षेत्रे आतङ्कः प्रसृतः, अतः सुरक्षाबलाः स्थितिं नियन्त्रयितुं अतिरिक्तसैनिकाः नियोक्तुं बाध्यन्ते। प्रातः ८:५० वादनस्य समीपे पुलिस-सशस्त्र-अपराधिनां मध्ये प्रचण्डः अग्नि-आदान-प्रदानः अभवत्, यः प्रायः ३० निमेषान् यावत् अभवत् इति कथ्यते। यद्यपि कोऽपि क्षतिः न ज्ञातः तथापि अस्मिन् क्षेत्रे भयस्य, तनावस्य च वातावरणं प्रचलति। सम्प्रति स्थितिः नियन्त्रणे अस्ति, सुरक्षाबलाः नियमितरूपेण गस्तीं कुर्वन्ति इति पुलिसैः उक्तम्।

गतशनिवासरे लिटनग्रामे टङ्खुल् नागा-कुकी-समुदायस्य सदस्यानां मध्ये संघर्षः अभवत् तदा हिंसा आरब्धा। अस्मिन् संघर्षे साकिबुङ्गग्रामस्य निवासी स्टर्लिंग शिम्रे घातितः अभवत्। अस्य घटनायाः अनन्तरं जिलादण्डाधिकारी आशीषदासः ८ फरवरी दिनाङ्के सायं ७ वादनात् क्षेत्रे निषेधाज्ञां कृतवान्, परन्तु हिंसा अविरामं वर्तते। निषेधस्य अभावेऽपि अज्ञाताः आक्रमणकारिणः मंगलवासरे लिटनग्रामे प्रायः ५० गृहेषु अग्निप्रहारं कृतवन्तः, येन बहूनां जनाः निराश्रयाः अभवन् अस्य घटनायाः अनन्तरं प्रशासनेन उखुल्-मण्डले स्थितिं नियन्त्रयितुं पञ्चदिनानि यावत् अन्तर्जालसेवाः स्थगिताः। अन्तर्जालमाध्यमेन प्रसृताः अफवाः स्थितिं अधिकं दुर्गतिम् अकुर्वन् इति प्रशासनस्य मतम् अतः एषः सावधानतायाः उपायः कृतः।

## सलमान सफदारः

### अपि अवदत् यत् समागमे इमरानखानः

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इस्लामाबाद

सलमान सफदारः अपि अवदत् यत् समागमे इमरानखानः मानसिकरूपेण विक्षिप्तः तनावग्रस्तः च दृश्यते। सः अवदत् यत् पूर्वप्रधानमन्त्री स्वस्य क्षीणस्थितेः चिकित्साविलम्बस्य च विषये अतीव चिन्तितः अस्ति। अस्मिन् विषये पाकिस्तानसर्वकारेण अपि प्रतिक्रिया दत्ता अस्ति। सूचनामन्त्री अता उल्लाह तारर इत्यनेन उक्तं यत् इमरानखानस्य चिकित्साप्रतिवेदनं तस्य परिवारेण सह साझां कृतम् अस्ति तथा च सः समुचितचिकित्सां प्राप्नोति। सः अपि अवदत् यत् इमरानखानः चिकित्सालये नेत्रचिकित्सां प्राप्तवान्, तस्य स्थितिः सम्प्रति स्थिरः अस्ति। परन्तु विपक्षः, पीटीआई-नेतारः च सर्वकारस्य दावानां विषये प्रश्नं कृत्वा पारदर्शितायाः आग्रहं कृतवन्तः।

पीटीआई सर्वोच्चन्यायालयस्य समीपं गत्वा इमरानखानस्य चिकित्साप्रतिवेदनं सार्वजनिकं भवतु, तस्य व्यक्तिगतवैद्याः परिवारश्च तस्य साक्षात्कारं कर्तुं अनुमतिं ददतु इति आग्रहं कृतवती अस्ति। विपक्षः कथयति यत् इमरानखानस्य स्वास्थ्यं संवेदनशीलं विषयं जातम् अस्ति, अस्मिन् विषये यत्किमपि लापरवाही भवति तत् मानवअधिकारस्य उल्लङ्घनम् इति गण्यते।

इमरानखानः पाकिस्तानराजनीत्यां प्रभावशालिनः नेतारः इति मन्यते, तस्य गृहीतत्वात् परं देशे राजनैतिकतनावः प्रचलति तस्य स्वास्थ्यस्य वार्तायां तस्य समर्थकानां चिन्ता उत्पन्ना अस्ति। अनेके राजनैतिकविश्लेषकाः मन्यन्ते यत् यदि तस्य स्थितिः दुर्गता भवति तर्हि पाकिस्तानस्य आन्तरिकराजनीतिषु तस्य प्रभावः भवितुम् अर्हति। सम्प्रति इमरानखानस्य स्वास्थ्यविषये सर्वकारस्य पीटीआई-सङ्घस्य च मध्ये दोषक्रीडा प्रचलति। यदा परिवारः दलं च गम्भीरप्रमादस्य आरोपं कुर्वन्ति तदा सर्वकारः मन्यते यत्।

## नदीयाः प्रवाहस्य अन्तः पोक्लेन्स् अथवा अन्येषां भारीयन्त्राणां उपयोगः

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नव देहली

राष्ट्रियहरितन्यायाधिकरणकानूनस्य २०१० तमस्य वर्षस्य धारा १४, १५ च प्रत्यक्षं उल्लङ्घनं मन्यते। विशेषज्ञानाम् अनुसारं एतेषां कानूनानां अन्तर्गतं नदीयाः प्राकृतिकसौन्दर्यस्य क्षतिं करणं गम्भीरः अपराधः अस्ति यस्य दण्डः भारी दण्डः कानूनी कार्यवाही च भवति खननविनियमानाम्, स्थायिवालुकाखननप्रबन्धनमार्गदर्शिकानां च अनुसारं कस्यापि नदीयाः प्रवाहस्य अन्तः पोक्लेन्स् अथवा अन्येषां भारीयन्त्राणां उपयोगः सख्यं निषिद्धः अस्ति तदपि यन्त्राणां उपयोगेन उत्खननं पर्यावरणस्य निष्कासनशतानाम् प्रत्यक्षं उल्लङ्घनम् अस्ति। आरोपः अस्ति यत् खननठेकेदाराः नियमानाम् परिहारं कृत्वा नदीयाः गभीरं उत्खननं कुर्वन्ति, येन तस्याः प्राकृतिकप्रवाहः बाधितः भवति, जलस्तरस्य तीव्रः न्यूनता च भवति अवैधखननेन नदीयाः संतुलनं बाधितं भवति।

## राशिफल

**मेष** : आप अच्छे से निभा पाएंगे। हालांकि जल्दबाजी में फैसला लेने से बचें, वरना बाद में पछताना पड़ सकता है।

**वृषभ** : किसी पुराने दोस्त या जान-पहचान वाले से बातचीत हो सकती है, जिससे मन अच्छा होगा।

**मिथुन** : ऑफिस में आपकी बातों को अहमियत मिल सकती है, लेकिन एक साथ कई काम उठाने से बचें।

**कर्क** : कामकाज में सीनियर्स या साथियों का सहयोग मिलेगा, जिससे काम आसान हो जाएगा।

**सिंह** : नए काम या योजना की शुरुआत का मन बनेगा। पैसों के मामले में संतुलन बनाकर चलना जरूरी है, वरना खर्च बढ़ सकता है।

**कन्या** : जिम्मेदारी बढ़ने के साथ काम का दबाव भी आ सकता है, लेकिन आप संभाल लेंगे। पैसों के मामले में स्थिति ठीक रहेगी।

**तुला** : छोटी-छोटी बातों पर तनावसे बचें, वरना मन बेवजह भारी रह सकता है। पैसों से जुड़ा कोई फैसला आज सोच-समझकर लें।

**वृश्चिक** : आज दिमाग में नए आइडिया आएंगे और कुछ अलग करने का मन बनेगा। बातचीत अच्छी रहेगी और मन हल्का महसूस करेगा।

**धनु** : आज बातचीत और तालमेल से कई काम बन सकते हैं। पैसों का हिसाब-किताब ठीक रखें, वरना बाद में परेशानी हो सकती है।

**मकर** : कामकाज में ध्यान रखें, वरना छोटी गलती बड़ी बन सकती है। पैसों के मामले में जल्दबाजी से नुकसान हो सकता है।

**कुंभ** : आज आपके सामने नए मौके आ सकते हैं और काम में उत्साह बना रहेगा। खर्च करते वक्त थोड़ा संभलकर चलें।

**मीन** : पैसों को लेकर संतुलन बनाकर चलें। घर में माहौल ठीक रहेगा और किसी अपने से बात करके अच्छा महसूस होगा।

## ज्योतिष/वास्तु

# सूर्य गोचर से इन राशि वालों के शुरू होंगे अच्छे दिन, नौकरी-घर का सपना होगा पूरा

इस साल 13 फरवरी 2026 को सूर्य कुंभ राशि में अपना स्थान लिया। इस राशि में कई ग्रह पहले से मौजूद रहेंगे, जिससे कई शुभ योग का निर्माण भी होगा।

सूर्य हर माह राशि परिवर्तन करते हैं, जिसका असर देश-दुनिया सहित प्रकृति जीवन पर भी पड़ता है। कई बार यह गोचर इतना प्रभावी होता है कि, जातकों के जीवन में सकारात्मक बदलावों से लेकर उन्हें सफलता सम्मान प्रदान करता है। इन्हीं में से एक सूर्य का कुंभ में गोचर शामिल है। यह अधिक महत्वपूर्ण माना जाता है। इस वर्ष 13 फरवरी 2026 को सूर्य देव कुंभ राशि में प्रवेश करने कर चुके हैं। उनका कुंभ राशि में आगमन कुछ राशियों के जीवन में उन्नति और कामयाबी के नए अवसर लेकर आ सकता है। साथ ही आत्मविश्वास में वृद्धि,



बेहतर नेतृत्व क्षमता की प्राप्ति भी संभव है। ऐसे में आइए इन लकी राशियों को जानते हैं।

**मेष राशि–** मेष राशि वालों के लिए सूर्य गोचर कल्याणकारी रहेगा। यह समय मेहनत का फल दिलाने वाला साबित हो सकता है। आपके कार्यों की सराहना होगी। लंबी या देश-विदेश की यात्रा के योग भी बन रहे हैं, जिससे लाभ और अनुभव दोनों मिलेंगे। आपके आत्मविश्वास में भी वृद्धि देखने को मिलेगी। नौकरीपेशा लोगों को अच्छे अवसर और लाभ के योग बन रहे हैं। संतुलित और स्पष्ट महसूस करेंगे।

**तुला राशि–** तुला राशि के जातकों के लिए यह गोचर पारिवारिक सुख-शांति लेकर आ सकता है। नए निवेश से लाभ होगा और अपना घर खरीद सकते हैं। विशेष रूप से संतान से जुड़ी कोई सुखद खबर मिलने की संभावना है। घर का वातावरण सकारात्मक रहेगा और मन प्रसन्न रहेगा। समाज में प्रतिष्ठा और मान-सम्मान बढ़ेगा। करियर और व्यक्तिगत जीवन में सकारात्मक बदलाव देख सकते हैं। वाहन से जुड़ा कोई निर्णय आपके पक्ष में जा सकता है।

**कुंभ राशि–** कुंभ राशि वालों के लिए सूर्य का यह गोचर बेहद खास रहने वाला है। इस दौरान नए लोगों से संपर्क बढ़ेगा, जो भविष्य में आपके लिए लाभदायक सिद्ध हो सकते हैं। करियर में पहचान बनने के योग हैं। सामाजिक दायरा बढ़ेगा और मान-सम्मान में वृद्धि के योग बनेंगे। वरिष्ठ अधिकारियों से प्रशंसा मिल सकती है। जो लोग कोई नया काम शुरू करने की सोच रहे हैं, उनके लिए यह समय अनुकूल साबित हो सकता है। कार्यक्षेत्र में किए गए प्रयासों का पूरा फल मिलेगा।

## खबर एक नजर...

### जीमन विवाद में महिला पर रिश्तेदारों ने किया हमला

**उज्जैन।** खाचरौद के ग्राम खडोदा में बीती रात जमीन विवाद में मंजू पति बंशीलाल 35 साल पर जेठ मांगीलाल और भतीजे विजय, चेतन ने लाठियों से हमला कर दिया। मंजू के घायल होने पर खचारौद अस्पताल से उपचार के लिये उज्जैन चरक अस्पताल लाया गया। घायल मंजू ने बताया कि जेठ से 1 बीघा जमीन को लेकर विवाद चला आ रहा है। जमीन हमारी है, जिस पर मकान बनाया जा रहा है। लेकिन जेठ और उसका परिवार मकान बनाने से रोक रहा है। खाचरौद पुलिस ने मंजू के बयान दर्ज कर मामला जांच में लिया है।

### फ्री फायर गेम खेले के दौरान मामा-भांजे में विवाद

**उज्जैन।** माकडोन के रावणखेड़ी में ऑनलाइन फ्री फायर गेम खेलने के दौरान नरेन्द्र पिता तंवरसिंह 23 साल का अपने हमउम्र भांजे आंनद से विवाद हो गया। दोनों के बीच गाली-गलौच हुई, लेकिन परिवार ने मामला शांत करा दिया। रात में नरेन्द्र पैदल घर लौट रहा था, उसी दौरान रास्ते में छुपकर बैठे भांजे ने पीछे से हमला कर दिया। सिर पर फर्शी से वार किये और जान से मारने की धमकी दी। नरेन्द्र के घायल होने पर परिजन उसे थाने लेकर पहुंचे। पुलिस ने मामले में प्रकरण दर्ज कर घायल को उपचार के लिये अस्पताल भेजा। माकडोन सामुदायिक केन्द्र से नरेन्द्र को गंभीर चोंट होने पर उज्जैन रैफर किया गया है।

### सौदा करने गये थे भैंस का, लौटते समय नीलगाय से भिड़ंत

**उज्जैन।** ग्राम बांदका में रहने वाला अर्जुन पिता रतनदास साथी सुरेश पिता नानूराम के साथ ग्राम कालूहेड़ा भैंस का सौदा करने गया था। जहां से देर शाम वापस बाइक से लौटते समय रास्ते में नीलगाय से भिडंत हो गई। दोनों गंभीर घायल हो गये। ग्रामीणों ने उन्हे घट्टिया अस्पताल पहुंचाया, जहां से चरक अस्पताल लाया गया। ग्रामीण क्षेत्रों में नीलगाय वाहन चालकों के लिये खतरा बनी हुई है। शाम ढलने के बाद सबसे ज्यादा घटना होना सामने आ रही है। पूर्व में भी कई दो पहिया वाहन सवार घायल हो चुके है। खेतों में खड़ी फसल के दौरान नीलगायों का रूख ग्रामीण क्षेत्रों की ओर हो जाता है। जहां नीलगाय फसलों को नुकसान पहुंचा रही है, वहीं दुर्घटना का कारण भी बन रही है।

### आगररोड पर सिक्युरिटी गार्ड को अज्ञात वाहन ने कुचला

**उज्जैन।** सोमावार शाम को आगररोड पर आरडी गार्डी मेडिकल कॉलेज के सिक्युरिटी गार्ड राहुल पिता राजेन्द्र वर्मा 30 साल निवासी विनायक ग्रीन कालोनी को पैदल सड़क पार करते समय अज्ञात चार पहिया वाहन ने कुचल दिया। घायल गार्ड को लोगों की मदद से चरक अस्पताल पहुंचाया गया। राहुल को गंभीर चोंट लगी होने पर डॉक्टरों ने उपचार के लिये भर्ती कर दुर्घटना की सूचना चिमनगंज थाना पुलिस को दी है। दुर्घटना का एक मामला धरमबड़ला के पास हुआ। तेजगति से दौड़ती कार ने पीछे से बाइक को टक्कर मार दी। बाइक चला रहा जीवन पिता गंगाराम चौधरी 35 साल निवासी ग्राम नलवा, उसकी पत्नी और बेटी घायल हो गई। चिंतामण गणेश थाना पुलिस ने कार चालक के खिलाफ लापरवाही से वाहन चलाने का मामला दर्ज किया है।

| | | |
|---|---|---|
| दिन | 156-2 | 269-7 |
| मेन बाजार | - | |
| मिलन डे | 366-5 | 189-8 |
| मिलन नाइट | 138-2 | 169-6 |

| | | |
|---|---|---|
| 4 | 5 | 9 |

### 16 दिन बाद 2 गिरफ्त में, 2 फरार साथियों की तलाश

# राजगढ़ के चार बदमाशों ने चुराई थी लाखों की 2 मुर्रा भैंस

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

लाखों की मुर्रा भैंस चोरी करने वाले 2 बदमाशों को 16 दिन बाद पुलिस ने गिरफ्तार किया है। दोनों को 18 फरवरी तक रिमांड पर लिया गया है। उन्होने अपने 2 साथियों के साथ मिलकर भैंसों को बेच दिया था। पुलिस ने भैंसे बरामद कर ली है। दोनों के 2 साथी फरार है। पुलिस ने मुर्रा भैंसे बरामद कर ली है।

माकडोन थाना प्रभारी प्रदीपसिंह राजपूत ने बताया कि 26 जनवरी की रात ग्राम झलारा में रहने वाले मुकेशसिंह सौंधिया के बाड़े में बंधी 2 मुर्रा भैंस अज्ञात बदमाश चुराकर ले गये थे। 2 दिनों तक तलाश करने के बाद मुकेश द्वारा 29 जनवरी को 4.50 लाख कीमत की भैंसे चोरी होने की शिकायत दर्ज कराई गई थी। मामले में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की गई। इस दौरान सामने आया कि भैंस चोरी में पिकअप वाहन का उपयोग किया गया है। कैमरों के फुटेज देखने के बाद बदमाशों के भागने का रूट ट्रेस किया गया, वहीं लोकेशन का पता लगाई गई। 16 दिन बाद मामले में राजगढ़ के बसी तलावाड़ा थाना खिलचीपुर के रहने वाले रामबाबू पिता नंदराम तंवर और बबलू पिता जगन्नाथ तंवर निवासी ग्राम प्रेमपुरा राजगढ़ को हिरासत में लिया गया। दोनों ने प्रारंभिक पूछताछ में बताया कि भैसे चोरी करने के लिये पिकअप का इस्तेमाल किया गया था। चोरी में 2 साथी कमल राजपूत और बनेसिंह भी शामिल थे। थाना प्रभारी के अनुसार गिरफ्त में आये दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश कर 18 फरवरी तक रिमांड पर लिया गया है। दोनों फरार साथियों की गिरफ्तारी के साथ पिकअप की बरामदगी के प्रयास किये जा रहे है।



#### भोपाल हाट में बेच आये थे भैंसे

बताया जा रहा है कि लाखों रुपए कीमत की भैंसे चोरी करने के बाद अरोपियों ने भोपाल हाट में जाकर बेच दी थी। रामबाबू और बबलू से पूछताछ के बाद पुलिस ने भैंस खरीदने वालों से सुराग तलाशा और दोनों भैसे बरामद कर ली। खरीददारों का कहना था कि उन्हे पता नहीं था भैंसे चोरी की है। बेचने वाले मवेशी पालक बनकर आये थे। आरोपियों को गिरफ्तार करने और भैंसे बरामद करने में माकडोन थाना एसआई हुकुमसिंह सोलंकी, एएसआई शांतिलाल राजपूत, आरक्षक राजेन्दसिंह, जगदीश लबाना, सैनिक मांगीलाल, राहुल और विनोद मंडोर की भूमिका रही।

# 10 माह बाद हिरासत में आया दुष्कर्म का इनामी आरोपी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

युवती के साथ जबरदस्ती होटल में ले जाकर दुष्कर्म करने वाले आरोपी को 10 माह बाद पुलिस ने गिरफ्तार किया गया है। आरोपी पर 10 हजार का इनाम घोषित था। आरोपी को रिमांड पर लेकर पूछताछ की जा रही है।

माकडोन थाना क्षेत्र की रहने वाली युवती अप्रैल 2025 में लापता हो गई थी। परिजनों ने उसकी गुमशुदगी दर्ज कराई थी। पुलिस ने युवती को चार दिन बाद एक होटल से दस्तयाब किया था। उस दौरान युवती ने बताया था कि उसे लाड़सिंह पिता मांगीलाल गुर्जर निवासी ग्राम सेडू थाना पीपलरावा देवास जबरदस्ती साथ ले गया था और धमकाकर गलत काम किया। उसने आगररोड की होटल में रखा था। युवती की शिकायत पर 18 अप्रैल को आरोपी लाड़सिंह के खिलाफ धारा 64, 64 (2) (एम), 87, 351 (3) बीएनएस का प्रकरण दर्ज कर तलाश शुरू की थी। आरोपी की गिरफ्तारी नहीं होने पर पुलिस अधीक्षक द्वारा 10 हजार के इनाम की उद्घोषणा की गई थी। 10 माह बाद आरोपी का सुराग मिलते ही उसे देवास से हिरासत में लिया गया। थाना प्रभारी प्रदीपसिंह राजपूत ने बताया कि आरोपी को कोर्ट में पेश कर रिमांड पर लिया गया है।




# रूपाखेड़ी में शराब कंपनी के वाहन पर पथराव कर रोकने का प्रयास

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

रूपाखेड़ी से तराना की ओर आ रहे शराब कंपनी के वाहन को रविवार-सोमवार रात कुछ लोगों ने रोकने का प्रयास किया, चालक के वाहन नहीं रोकने पर बेरिकेट्स लगा दिये और पथराव किया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच में लिया है।

इंदौर के छोटी खजरानी थाना एमआईजी क्षेत्र में रहने वाला जसवंत पिता कन्हैयालाल बागड़ी शराब कंपनी में काम करता है। उसका हाल मुकाम तराना की कृष्णकुंज कालोनी में है। रात में रूपाखेड़ी शराब दुकान से राशि का कलेक्शन कर बोलेरो क्रमांक एमपी 13 झेड एम 3086 से तराना लौट रहा था। रास्ते में ग्राम खामली में महादेव मंदिर के पास कुछ लोगों ने बोलेरो को रोकने के लिये बेरिकेट्स लगा दिये। चालक जसवंत ने वाहन नहीं रोका तो पथराव कर दिया। बोलेरो के कांच फूट गये। चालक वाहन सीधे तराना थाने लेकर पहुंचा और पुलिस को घटनाक्रम बताया। पुलिस ने मामले में जसवंत की शिकायत ग्राम खामली के रहने वाले अजय और उसके अन्य साथियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया गया है। जसवंत का कहना था कि उसकी गाड़ी में कलेक्शन राशि रखी हुई थी, रूपाखेड़ी से निकलने के बाद रास्ते में पीछे आ रही बोलेरो गाड़ी ने पीछा करने का प्रयास भी किया था। मामले में एएसआई डालसिंह चौहान ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। पथराव कर गाड़ी रोकने का प्रयास करने वालों की तलाश जारी है।



### बाइक सवारों ने बोरी में छुपाकर रखी थी देशी शराब

# ठिकाने लगाने आये 2 युवक पुलिस की घेराबंदी में पकड़ाये

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

बाइक पर सवार 2 युवक रात के अंधेरे में बोरी में शराब छुपाकर ठिकाने लगाने आये थे। पुलिस ने खबर मिलते ही घेराबंदी की और दोनों को पकड़ा। उनके पास से देशी शराब के 300 क्वार्टर बरामद हो गये। पुलिस ने दोनों को कोर्ट में पेश कर जेल भेजा है।

नरवर थाना प्रभारी बल्लू मंडलोई ने बताया कि सर्कल भ्रमण के दौरान प्रधान आरक्षक गोविंद को खबर मिली कि पिपलोदा द्वारकाधीश कांकड पर बिना नम्बर की हीरो एचएफ बाइक से 2 युवक आये हुए है। उनके पास अवैध शराब है, किसी को ठिकाने लगाने की फिराक में है। प्रधान आरक्षक भ्रमण पर साथ आरक्षकों के साथ कांकड पर पहुंचा और घेराबंदी कर दोनों युवकों को हिरासत में लिया। उनकी बाइक पर 2 बोरी रखी थी, जिसकी तलाशी लेने पर उसमें देशी शराब के क्वार्टर भरे होना सामने आये। दोनों युवकों को थाने लाया गया। जहां शराब 21 हजार रुपए कीमत की होना सामने आई। पूछताछ में दोनों पिपलीनाका क्षेत्र रहने वाले मोनू पिता रामचरण मालवीय 20 साल और रोहित पिता फतेसिंह बारोड़ 20 साल होना सामने आये। दोनों का कहना था कि एक व्यक्ति ने बोरी दी थी और पिपलोदा द्वारकाधीश तक पहुंचाने की बात कहीं थी। दोनों शराब देने वाले और लेने आ रहे व्यक्ति की जानकारी नहीं दे पाये। उनके खिलाफ आबकारी अधिनियम का प्रकरण दर्ज कर सोमवार दोपहर कोर्ट में पेश किया गया। जहां से न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया है।



#### लगातार सामने आ रहा अवैध परिवहन

धार्मिक नगरी होने पर प्रदेश सरकार द्वारा उज्जैन में 1 अप्रैल 2025 को शराब प्रतिबंधित कर दी थी। जिसके बाद से लगातार अवैध परिवहन होना सामने आ रहा है। सबसे अधिक शराब देवास-इंदौर के रास्ते उज्जैन तक लाई जा रही है। नरवर, पंवासा, नानाखेड़ा, नीलगंगा थाना पुलिस द्वारा अब तक लाखों की देशी-विदेशी शराब बरामद की जा चुकी है। पुलिस के साथ ही आबकारी विभाग की टीमें भी अवैध शराब परिवहन को लेकर लगातार कार्रवाई कर रही है। देशी-अंग्रेजी शराब के साथ कच्ची शराब भी लगातार पकड़ी जाना सामने आ रहा है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संदीप मेहता द्वारा अवंतिका ऑफसेट 2, महाकाल मंदिर मार्ग, मालीपुरा, उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-संदीप मेहता 9827771777 फोन : 0734-4012777 Email -dainikbrahmastra@gmail.com